सुविचार

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती हैं

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 248 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, शुक्रवार 31 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

# जयपुर में तेज बारिश

## कुंभलगढ़-माउंट में गिरे ओले, बीकानेर में आंधी-बरसात, बिजली गिरने से 3 गाएं मरीं

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर से बारिश-ओलों ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। कई जिलों में हुई बारिश से मौसम एक बार फिर ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने नए वेदर सिस्टम(वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के चलते गुरुवार बारिश होने की संभावना जताई थी। जयपुर और आसपास के इलाकों में गुरुवार शाम को अचानक मौसम बदल गया। तेज हवा चलने लगी। इसके बाद रात 8 बजे के आसपास बिजली चमकने लगी और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश का दौर देर रात तक जारी था। बीकानेर में आज सुबह से ही बादल छाए रहे। तेज हवा चली। कुछ देर के लिए दिन में भी हल्की बारिश हुई। इससे पहले, बुधवार देर रात बीकानेर में तेज हवा के साथ बारिश हुई। यहां के लूणकरणसर कस्बे में बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार को दोपहर बाद प्रदेश के कुंभलगढ़, माउंट आबू, जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ में बारिश का दौर शुरू हुआ। कुंभलगढ़ में गुरुवार सुबह से उमस हो रही थी, लेकिन ढाई बजे के बाद तेज गड़गड़ाहट के साथ 2 मिनट तक ओले गिरे और इसके बाद बारिश होती रही। इससे खेतों और रोड पर सफेद चादर बिछ गई। वहीं माउंट आबू में दोपहर 1.30 बजे अचानक मौसम बदल गया। यहां तेज बारिश के साथ ओले गिरने लगे। करीब डेढ़ घंटे तक यानी दोपहर 3 बजे तक बारिश का दौर चलता रहा। खराब मौसम और बारिश के चलते लूणकरणसर के अजीतमाना गांव में गुरुवार को बिजली गिरने की खबर है। इससे तीन गायों की मौत हो गई। इधर, मौसम केंद्र जयपुर ने प्रदेश के 8 से ज्यादा जिलों ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। साथ ही किसानों को भी सावधान किया गया है कि अपनी फसलों को बचाने के लिए प्रयास करें। फसलों को सुरक्षित



स्थान पर भंडारण करें। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि साउथ-वेस्ट राजस्थान में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। पश्विमी राजस्थान के ऊपर गुरुवार को एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है, इस सिस्टम से गरज-चमक और तेज हवा के साथ बारिश(थंडर स्टॉर्म) हो रही है। राजस्थान में बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, जोधपुर, पाली, अजमेर, नागौर और सीकर जिलों के लिए शुक्रवार को भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### 40 KM स्पीड से चलेगी हवा

आधे से ज्यादा राजस्थान में देर रात तक आंधी चलने के साथ बारिश होने के साथ कई स्थानों पर तेज ओलावृष्टि भी होने की आशंका है। 40 ङ्गट की स्पीड से हवा चल सकती है। इस सिस्टम का असर उत्तर-मध्य और उत्तर-पूर्वी राजस्थान के जिलों में देखने को मिलेगा। जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, जयपुर, अलवर, टोंक, सवाई माधोपुर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, करौली और बारां-कोटा में भी इस सिस्टम का असर रहेगा। इन जिलों में भी बारिश और कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं।

### पूर्वी राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि की आशंका

31 मार्च को इस सिस्टम का असर भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग के जिलों में देखने को मिलेगा। भरतपुर, धौलपुर, करौली, अलवर, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर और दौसा जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कोटा, बारां, बूंदी, जयपुर, टोंक, अजमेर, नागौर, चूरू और हनुमानगढ़ में भी इस दिन कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इस सिस्टम के असर से प्रदेश के कई जगहों पर बिजली गिरने की भी आशंका जताई है।

# वेदांता के मालिक के नाम होगा तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम

## RCA को दिए 300 करोड़ रुपए, नाम होगा : अनिल अग्रवाल क्रिकेट स्टेडियम

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर में बनने वाले दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए लिए वेदांता ग्रुप ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 300 करोड़ रुपए दिए हैं। इसके बाद अब जयपुर में बनने वाले स्टेडियम का नाम अनिल अग्रवाल क्रिकेट स्टेडियम रखा जाएगा। गुरुवार को वेदांता ग्रुप और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीच स्टेडियम निर्माण को लेकर टडव साइन हुआ। इसके तहत स्टेडियम के फर्स्ट फेज का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक और विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आज राजस्थान के खेल प्रेमियों का एक सपना पूरा होने जा रहा है। फर्स्ट फेज के निर्माण के लिए गुरुवार को एमओयू हो गया है। इसका निर्माण कार्य जारी है। मुझे उम्मीद है कि वेदांता समूह सेकेंड फेज के लिए भी हमें आर्थिक मदद करेगा। बता दें कि जयपुर में 75 हजार दर्शक क्षमता वाला यह स्टेडियम मोटेरा और मेलबर्न के बाद दुनिया का तीसरा और भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम होगा। स्टेडियम के फर्स्ट फेज के निर्माण में 40 हजार और दूसरे चरण में 35



हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता विकसित होगी। स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 75 हजार होगी। स्टेडियम के फर्स्ट फेज के निर्माण की अनुमानित लागत 400 करोड़ रुपए है। वहीं क्रिकेट स्टेडियम के लिए इउउक से आरसीए को 100 करोड़ रुपए अनुदान देगी। पूरे स्टेडियम की लागत 650 करोड़ रुपए है। जयपुर क्रिकेट स्टेडियम जयपुर के चौंप में आकार लेने लगा है। पिछले साल 5 फरवरी को इसकी नींव रखी गई थी। अब तक 25% काम हो चुका है। फाउंडेशन के बाद पिलर का काम चल रहा है। कुछ महीने काम बंद रहने से देर हुई, पर अब निर्माण गति पकड़ेगा। छत्तीसगढ़ की कंसट्रक्शन कंपनी के इंजीनियर्स सहित 300 से ज्यादा मजदूर इसमें जुटे हैं। इस साल मूल ढांचा तैयार हो जाएगा। स्टेडियम पूरी तरह तैयार होने में 5 साल लगेंगे, लेकिन पहला फेज 24 महीने में पूरा करने का दावा है।

## गहलोत बोले- 2030 तक राजस्थान को नंबर वन स्टेट बनाएंगे: विरोधियों को सियासी मैसेज, गहलोत बोले- राजस्थान मॉडल स्टेट बन चुका है

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** लाभार्थी उत्सव के दौरान सभा को संबोधित करते सीएम अशोक गहलोत। सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि 2030 तक प्रदेश के हर परिवार की सम्पन्नता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है, ताकि हर राजस्थानी देश की अग्रिम पंक्ति में आ सके। आम लोग राजस्थान को 2030 तक देश में नंबर वन राज्य बनाने में योगदान दें। राजस्थान को हमें नवंबर वन स्टेट बलाना है। गहलोत गुरुवार को लाभार्थी उत्सव में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा- राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाई जानी चाहिए ताकि राज्य में कोई भी पात्र व्यक्ति इनके लाभों से वंचित नहीं रहे। आज राज्य सरकार की योजनाएं पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। जनकल्याण में राज्य में किए गए इनोवेशन और कहीं नहीं हैं। इनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। जिस तरह कोरोना मैनेजमेंट में लोगों ने आगे बढ़कर कोई भूखा न सोए के नारे को कामयाब करने में योगदान दिया था, उसी तरह अब कोई व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। गहलोत ने कहा- राज्य सरकार की योजनाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। पहले जहां राजस्थान की एक पिछड़े राज्य की छवि थी, वहीं आज राजस्थान एक मॉडल स्टेट के रूप में तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।

'किसी ने तो ब्लास्ट किया होगा, आरोपी कैसे छूटे ?'

# सचिन पायलट बोले- हमें पीड़ितों को जवाब देना है; यह गृह विभाग की कमी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर सीरियल ब्लास्ट के आरोपियों के बरी होने के मामले में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री के गृह विभाग पर सवाल उठाए हैं। पायलट ने कहा कि सबको पता है ब्लास्ट हुए थे और आरोपियों को पकड़ा गया था। लोअर कोर्ट से मौत की सजा पाए आरोपी अगर जांच में कमी की वजह से छूट जाएं तो यह गंभीर मामला है। जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पीड़ितों को जवाब देना है, उन्हें न्याय दिलाना है। अगर हम कोर्ट से न्याय नहीं दिलवा पा रहे हैं तो कोई कमी है। पायलट गुरुवार को जयपुर में अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पायलट ने कहा कि गृह विभाग और लॉ डिपार्टमेंट को ही देखना पड़ेगा कि मौत की सजा सुनाने के बाद भी



अगर हाईकोर्ट में जांच की खामियों के कारण आरोपी छूट जाए तो यह बहुत गंभीर मामला है। इन्वेस्टिगेशन ढंग से नहीं हुआ,कमियां रह गई थी। जिम्मेदार लोगों की जांच होनी चाहिए। ऐसे कैसे हुआ? किसी ने तो ब्लास्ट किया होगा। पायलट ने कहा कि लोअर कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। सजा कम होना अलग बात होती है, लेकिन सबूतों की वजह से अगर मौत की सजा के बजाय रिहा कर दिया जाए तो बहुत गंभीर बात है। जज भी नहीं चाहते थे कि आरोपी छूटे, लेकिन सबूतों के अभाव में छोड़ना पड़ा। यह बहुत बड़ा मामला है, इसकी जांच होनी चाहिए।

### जिनके घरों में मौत हुई, उन्हें भी तो हमें जवाब देना पड़ेगा

सचिन ने कहा कि जिनके घरों में मौत हुई है, उन्हें भी तो हमें जवाब देना पड़ेगा। जिन्होंने अपराध कर दिया उन्हें सजा दिलाना जरूरी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि इस मामले को लॉजिकल कंक्लुजन तक पहुंचाएं। मुझे लगता है कि तुरंत प्रभाव से इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि ब्लास्ट केस के जो भी सबूत है, डॉक्यूमेंट्री एविडेंस है उन्हें इकट्ठा करके लोगों को न्याय दिलाना चाहिए। अगर हम न्यायपालिका से न्याय नहीं दिला पा रहे हैं तो कोई तो कमी होगी।

# इंदौर में मंदिर की बावड़ी धंसने से 22 की मौत

देर रात 8 डेडबॉडी और निकाली; रेस्क्यू में आर्मी ने संभाला मोर्चा

गरीबों का सितारा

**इंदौर।** इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी से देर रात 8 शव और निकाले गए। जिसके बाद इस हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़कर 22 हो गया है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। आर्मी ने भी मोर्चा संभाल रखा है। दरअसल, गुरुवार को रामनवमी पर यहां हवन-पूजन का आयोजन था, जिसमें शामिल होने के लिए कई श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी दौरान मंदिर में अंडरग्राउंड बावड़ी की छत धंस गई। जिससे 40 से ज्यादा लोग बावड़ी में गिर पड़े। बावड़ी करीब 40 फीट गहरी है, जिसमें काफी पानी भी भरा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रस्सियों के सहारे कुएं से लोगों को निकाला। बावड़ी में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में परेशानी आई। जिसके बाद पानी को पंप की मदद से बाहर निकाला



गया। पानी कम होने पर फिर रेस्क्यू शुरू किया गया। रउफ्रफ्र के DIG महेशचंद्र जैन ने बताया कि कुएं में बहुत ज्यादा पानी था, कुछ दिख नहीं रहा था। पानी को लगातार खाली किया गया। जिसके बाद और भी डेडबॉडी उसमें दिखी। उन्होंने बताया कि SDRF, NDRF, आर्मी की टीम, पुलिस और प्रशासन रेस्क्यू में लगा है। शुरूआत में करीब 20 लोगों को सकुशल बावड़ी से बाहर निकाला गया। इनमें से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

हादसा सपना संगीता रोड स्थित स्नेह नगर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लोगों के वजन से बावड़ी की छत धंस गई और लोग उसमें गिर गए। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है।



क्षेत्र का नं. 1 अखबार हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

# अपना शहर

गरीबों का सितारा

जयपुर

शुक्रवार, 31 मार्च, 2023



| पूर्वानुमान > | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| 23° अधिकतम > | 30°c | 32°c | 31°c | 29°c |
| न्यूनतम > | 18°c | 18°c | 19°c | 17°c |

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रताप ऑडिटोरियम एवं मालाखेडा के राजकीय विद्यालय में लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ

## जिसमें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली





गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राजस्थान दिवस व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को लाभांवित करने हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ निरन्तर पहुंचाने का सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में राजस्थान मॉडल स्टेट के रूप में उभर कर सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, पालनहार योजना, विशेष योग्यजन/वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रीति कोचिंग योजना, कन्यादान/हथलेवा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा रसोई योजना, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, युवा संबल योजना, किसान मित्र ऊर्जा योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि इन कल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर अधिक से अधिक लाभ उठावे तथा अन्य लोगों को भी इनकी जानकारी प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सुगम्य सुशासन व आमजन को अधिक लाभ पहुंचाने हेतु मुख्यमंत्री गहलोत ने 19 नए जिले बनाने की घोषणा की है जो कि मील का पत्थर साबित होगी।

**लाभार्थियों ने किए अपने अनुभव साझा**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में लाभांवित हुई 5 वर्षीय खेडली निवासी परी शर्मा के पिता जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि आंगनबाडी केंद्र पर स्वास्थ्य जांच होने पर परी के दिल में छेद होने का पता चला जिस पर जिला प्रशासन व चिकित्सा विभाग की ओर से मदद की गई व एसएमएस अस्पताल जयपुर में निःशुल्क दिल का ऑपरेशन किया गया। जिस पर कुल व्यय साढे तीन लाख रुपए होने थे किन्तु चिरंजीवी योजना के तहत निःशुल्क इलाज संभव हो पाया। इसी प्रकार रैणी निवासी देशराज का भी चिरंजीवी योजना में जन्मजात ह्रदय रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। अलवर के उपखण्ड थानागाजी निवासी लक्ष्य के कटे होठ की सर्जरी चिरंजीवी योजना के तहत निःशुल्क की गई। इस ऑपरेशन का व्यय 50 हजार रुपए था किन्तु योजना में यह ऑपरेशन निःशुल्क हुआ। अलवर शहर निवासी आशा देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दो वर्ष पहले उन्हें कोविड की वजह से ब्लैक फंगस बीमारी हुई लेकिन चिरंजीवी योजना तहत एसएमएस अस्पताल जयपुर में उनका निःशुल्क इलाज हुआ। उनके इलाज पर 13 लाख रुपए का व्यय होना था लेकिन चिरंजीवी योजना में उनका निःशुल्क इलाज हो पाया इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद दिया। अलवर निवासी ज्योति व हेमा कोली ने इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के तहत मिल रहे लाभ का अनुभव कार्यक्रम में साझा किया और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री



गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार भवानी शर्मा ने मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन पेंशन योजना के तहत मिल रहे लाभ पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस पेंशन योजना से दिव्यांगजनों को आर्थिक संबल मिला है।


**विभिन्न विभागों की लगी स्टॉल**

लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले आमजन को योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गई व प्रचार सामग्री वितरित कर योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्टॉल में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस, राजीविका आदि विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा चिरंजीवी योजना के तहत ग्राम पंचायत में पूर्ण रजिस्ट्रेशन कराने वाले सरपंचों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत अजरका, मुण्डावर की सरपंच कृष्णा देवी, खोकर कठूमर की शांति देवी, हरसाणा, लक्ष्मणगढ के प्रभुदयाल मीणा, ईटोली, रैणी के धर्मराज मीणा, राजगढ की राधा मीणा, बालावास, बानसूर के डॉ. अमरसिंह यादव, डाबडवास, नीमराना के रामस्वरूप, बिछाला, तिजारा के रामचंद यादव, माछरौली, किशनगढबास की संतोष देवी, घीकाका, कोटकासिम के कुलदीप सिंह, खेडी, रामगढ के राकेश चौधरी एवं अकबरपुर, उमरैण की सरपंच सुनीता पटेल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम को वर्चुअली राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जोडा गया जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के सभी जिलों में दो लाख से अधिक लाभार्थियों को संबोधित कर संवाद किया। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने वर्चुअली लाभार्थियों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इसी प्रकार जिले के समस्त ब्लॉकों पर भी लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधिगणों व प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन को योजनाओं की जानकारी दी व योजनाओं से लाभांवित हुए लाभांर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी, एडीएम द्वितीय इन्द्रजीत सिंह, एडीएम शहर नवीन यादव, उपखण्ड अधिकारी धीरेन्द्र सोनी, तहसीलदार शैतान सिंह, जिला परिषद की सीईओ रेखारानी व्यास, जिला रसद अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, नगर परिषद आयुक्त जोधाराम विश्नोई, सीएमएचओ डॉ. श्रीराम शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, आईसीडीएस के उपनिदेशक जितेन्द्र मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त, जनसम्पर्क अधिकारी मनोज मेहरा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता संगीत अरोडा, ब्लॉक अध्यक्ष जफरू खान, सरपंच पेमाराम सैनी, हिम्मत चौधरी, हजारीलाल मीना, छोटेलाल, जगदीश मीना, नरेन्द्र सावित्री मीना, राहुल पटेल, शादी खान, साजिद खान, राधेश्याम बैरवा, सोनू, गोपालिया, सोनू मीना, इन्दरमल मीना सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं में लाभांवित हुए लाभार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## पंचाग

दिनांक 31 मार्च 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 25:57:53 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पुष्य | 25:56:01 |
| योग | सुकर्मा | 25:54:25 |
| करण | तैतुल | 12:43:56 |
| करण | गर | 25:57:53 |
| चन्द्र राशि | कर्क | |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय( जयपुर ) | | 06:20:29 |
| सूर्यास्त | 18:42:02 | |
| चंद्रोदय | 13:34:12 | |
| चंद्रास्त | 27:41:36 | |
| राहू काल | 10:59-12:31 | |
| अभिजित | 12:07-12:56 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 06:20-07:53 | शुभ |
| लाभ | 07:53-09:26 | शुभ |
| अमृत | 09:26-10:59 | शुभ |
| शुभ | 12:31-14:04 | शुभ |
| चर | 17:09-18:42 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
श्री धर्मराज दशमी:-आज
एकादशी व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# गणेश नगर में धूम धाम से मनाया श्री राम जन्मोत्सव



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतरण दिवस श्री राम नवमी पर हेम मार्ग , गणेश नगर सोडाला मे स्थित श्री राम मंदिर मे श्री राम जी का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गयो पंडित चेतन शर्मा ने बताया कि पिछले 30 सालों से इस मंदिर में श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है इस वर्ष भी श्री राम, लक्ष्मण , माता सीता व हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का गाय के दूध से अभिषेक किया गया। सुंदर वस्त्र , आभूषणों व कई प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गयो मिठाई, फल व विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किये गए भव्य आरती के साथ कार्यक्रम को सफल बनाये इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे व आपस में श्री राम जन्मोत्सव की बधाईया दी रात्रि में भजन संध्या कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

# मुख्य सचिव द्वारा संरक्षित खेती हबझ मिनी इजरायल में कृषि एवं उद्यानिकी की आधुनिक तकनीकों का किया गया अवलोकन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा द्वारा आज जयपुर के बसेडी, गुड़ा कुमावतान, बस्सी झाझड़ा और बालोलाई गांवो में कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का अवलोकन किया और प्रगतिशील किसानों से संवाद किया। यहां पर 300 से अधिक कृषको द्वारा ग्रीन हाउस में खेती की जा रही है। इस क्षेत्र के कृषकों द्वारा संरक्षित खेती के साथ-साथ ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, सोलर पंप, मल्चिंग, लो टनल, फार्म पॉन्ड आदि तकनीकों का सटीक तरीके से समन्वय कर आधुनिक खेती से बहुत अच्छी आय प्राप्त की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि कृषि का राज्य की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान रहा हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में नित नए नवाचार किए जा रहे है और कृषकों के उत्थान के लिए राज्य सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने युवा कृषक रोशन लाल यादव के पोली हाउस में ड्रिप सिस्टम द्वारा पैदा किए जा रहे उन्नत किस्म के ऑर्गेनिक खीरा, टमाटर, हरी मिर्च और फूलों की तकनीक एवं इसके आर्थिक पक्ष के बारे में विस्तृत चर्चा की। प्रगतिशील कृषक ने बताया कि जैविक खेती मॉडल अपनाने से खेती में इंसेक्ट ट्रैप कार्ड, सोलर लाइट ट्रैप द्वारा कृषि में नवाचार कर अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने बसेड़ी निवासी प्रगतिशील कृषक श्री भैरू राम थाकन के फार्म हाउस पर संरक्षित खेती, ग्रीन हाउस, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्च, और लो टनल आदि में पैदा की जा रही सब्जियों के बारे में जानकारी ली। कृषको ने बताया कि लो टनल से लगभग 1 महीने पूर्व फसल प्राप्त की जाती है जिसे बाजार में बेचने पर अच्छा मुनाफा कमाया जा रहा है। कृषको ने बताया कि पारंपरिक खेती के साथ ही उद्यानिकी फसलें वरदान साबित हो रही है। उद्यानिकी फसलो से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संग्रहण के लिए फार्म पॉन्ड बनाने से क्षेत्र के जल स्तर में वृद्धि के साथ ही बेहतर उत्पादन भी प्राप्त कर रहे हैं। कृषक बाबूलाल मेहरिया के खेत पर क्षेत्र के कृषकों के साथ मुख्य सचिव द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी में अपनाई जा रही उन्नत तकनीकी, नवाचार एवं अन्य आर्थिक पहलुओं पर चर्चा की गई। कृषको द्वारा बताया गया कि नवीन तकनीकी द्वारा एक कृषक प्रति एकड़ 10 से 15 लाख की आय प्राप्त कर रहे हैं। कृषको द्वारा सूक्ष्म सिंचाई मिशन तथा राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं की प्रशंसा की गई। श्रीमती उषा शर्मा ने राज्य सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के लिए अनुदान पर चलाई जा रही।

# लाभार्थी उत्सव- हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 2 लाख लाभार्थियों से किया संवाद - मुख्यमंत्री ने बताया राजस्थान 2030 का विजन




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। पहले जहां राजस्थान की एक पिछड़े राज्य की छवि थी, वहीं आज राजस्थान एक मॉडल स्टेट के रूप में तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। गहलोत गुरूवार को राजस्थान दिवस पर जयपुर में आयोजित लाभार्थी उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को निःशुल्क शिक्षा, पानी, बिजली, राशन, स्वास्थ्य बीमा, जांच, दवाई, उपचार के साथ 1 करोड़ लोगों को पेंशन, नए स्कूल, कॉलेज, सड़कों, सस्ते गैस सिलेंडर आदि जनहितैषी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही राजस्थान 11.04 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य सरकार द्वारा जनता का पैसा जनहित में खर्च करने के कारण ही ये दोनों उपलब्धियां एक ही समय में संभव हुई है। आमजन को योजना का लाभ लेने में परेशानी न हों इसलिए 181 हैल्पलाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या 200 से बढ़ाकर 1000 कर दी गई है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में 19 नए जिले बनाए गए हैं, ताकि छोटी प्रशासनिक इकाईयों के माध्यम से बेहतर सुशासन दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जानी चाहिए ताकि राज्य में कोई भी पात्र व्यक्ति इनके लाभों से वंचित न रहे। आज राज्य सरकार की योजनाएं पूरे देश में चर्चा का विषय है। जनकल्याण में राज्य में किए गए नवाचार अद्वितीय हैं। इनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। जिस प्रकार कोरोना प्रबंधन में आमजन ने आगे बढ़कर कोई भूखा न सोए की संकल्पना को साकार करने में योगदान दिया था, इसी प्रकार अब कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। गहलोत ने आमजन से राजस्थान को 2030 तक देश में नंबर वन राज्य बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। गहलोत ने कहा कि 2030 तक प्रदेश के प्रत्येक परिवार की सम्पन्नता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है ताकि हर राजस्थानी देश की अग्रिम पंक्ति में आ सके।

**लाभार्थियों से संवाद**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से जुड़े लाभार्थियों से संवाद किया। राज्य के सभी जिलों से लगभग 2 लाख लाभार्थी वीसी के माध्यम से एवं प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम से जुड़े। डूंगरपुर के मोहन पाटीदार ने बताया कि उनके छोटे भाई की दुर्घटना में मृत्यु होने पर राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रूपए दिए गए जिससे उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में अपने परिवारजनों को गंवाने वाले लोगों को संबल देने के उद्देश्य से ही यह योजना लाई गई है। अब इस योजना के तहत मिलने वाली राशि को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी से इस योजना को और अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आह्वान किया ताकि राज्य सरकार अधिक से अधिक शोक संतप्त परिवारों की सहायता कर सके। बाड़मेर के दिव्यांग लाभार्थी नरपत सिंह ने बताया कि उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उनके बच्चों को पालनहार योजना का लाभ मिलने के साथ-साथ उन्हें मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के तहत पेंशन मिल रही है। उन्होंने पालनहार योजना में मिलने वाली राशि को 1000 से 1500 रूपए करने एवं पेंशन राशि को 750 से 1000 रूपए करने के लिए गहलोत को धन्यवाद ज्ञापित किया। गहलोत ने कहा कि राज्य के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के हित में पेंशन राशि को बढ़ाया गया है। योजना के लिए प्रावधित राशि को 9000 करोड़ से बढ़ाकर 12000 करोड़ किया गया है। बाड़मेर की ही लाभार्थी श्रीमती धाई देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत उनके दोनों घुटनों का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ, जिसके कारण अब वह सुगमता से चल पा रही हैं। गहलोत ने लाभार्थी के सफल ऑपरेशन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चिरंजीवी योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रूपए कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ लेना हर पात्र नागरिक का अधिकार एवं कर्तव्य है।

# मुख्यमंत्री से मिला शाहपुरा से आया प्रतिनिधिमंडल शाहपुरा को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** प्रदेश में नए जिलों की घोषणा के बाद लोगों में खुशी का माहौल है। गुरूवार को शाहपुरा से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर शाहपुरा को जिला बनाने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र से आए लोगों को नया जिला बनने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिला बनने के बाद नये कार्यालय खुलने से आमजन को सुगमता होगी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना पूरे देश में चर्चा का विषय है। इस योजना से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। इसके तहत प्रदेशवासियों को 25 लाख रूपए तक का इलाज निशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रदेश में आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए राज्य सरकार ने 76 लाख परिवारों को मात्र 500 रूपए में गैस सिलेंडर देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि न्यूनतम 1000 रूपए कर दी गई है। किसानों के लिए 2000 यूनिट बिजली निशुल्क की गई है, जिससे लाखों किसानों का बिजली बिल शून्य हो जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट बिजली मुफ्त की गई है, जिससे 1.04 करोड़ उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य होगा। गहलोत ने कहा कि रोजगार देने में भी राजस्थान अग्रणी राज्य है। प्रदेश में लगभग 1.5 लाख नौकरियां दी जा चुकी है, लगभग इतनी ही प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त 1 लाख सरकारी नौकरियों की घोषणा की जा चुकी है। उड़ान योजना के तहत महिलाओं एवं किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए हर महीने 12 सेनेटरी पेड निशुल्क दिए जा रहे हैं। रक्षाबंधन से महिलाओं को 3 साल के निशुल्क इंटरनेट डेटा युक्त स्मार्टफोन वितरित किए जाने की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इनके बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट, पूर्व विधायक श्री लक्ष्मीलाल गुर्जर एवं श्री हगामी लाल मेवाड़ा, सवाई भोज मंदिर महंत श्री सुरेशदास जी महाराज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## चंद्रवंशी कहार समाज ने सूर्यवंशी भगवान राम के जन्मोत्सव पर विशाल कलश शोभायात्रा निकाली



गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/शाहपुरा।** भगवान राम के जन्मोत्सव पर चंद्रवंशी कहार समाज आराध्य सूर्यवंशी भगवान रामलल्ला का जन्मोत्सव हजारों नर नारियों ने एक साथ मनाया जानकारी के अनुसार पार्षद दुर्गा लाल कहार ने बताया कि सतयुग से केवट वंशज कहार समाज के आराध्य देव भगवान राम के जन्मोत्सव पर उदयभान गेट स्थित भगवान राम मंदिर से 351 कलश के साथ भगवान राम के अनुयायियों की जीवंत शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ भगवा ध्वज लिए हजारों कहार समाज के स्त्री पुरुष बालक ने भगवान राम के विमान बेवाण के साथ नाचते गाते मांगलिक गीतों के साथ भगवान के जयकारे लगाते हुए विशाल शोभायात्रा राम मंदिर से कलींजरी गेट बालाजी की छतरी सदर बाजार त्रिमूर्ति चौराहा बस स्टैंड बेगू चौराहा होते हुए दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में श्री राम मंदिर पहुंची जहां पुजारी महंत सीताराम बाबा ने भगवान राम लल्ला के प्राकट्य जन्मोत्सव के समय पर महा आरती की और भगवान पर पुष्प वर्षा करते हुए भए प्रगट कृपाला दीन दयाला की पंक्तियों के साथ भगवान रामलल्ला का प्राकट्य जन्मोत्सव मनाया गया एवं पूरे कहार समाज को पगत महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## उपखण्ड़ प्रशासन द्वारा लाभार्थी उत्सव का हुआ आयोजन



गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** उपखण्ड़ प्रशासन द्वारा राजस्थान दिवस पर गुरुवार को कस्बे स्थित पंचायत समिति सभागार में लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया गया। बीसीएमएचओ ड़ॉ.रुपेन्द्र शर्मा व नगर पालिका जेईएन श्याम सुंदर पांडे ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नवीन शर्मा हरसाना थे। अध्यक्षता एसडीएम सुभाष यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार मुकेश गोयल, बीसीएमएचओ ड़ॉ. रुपेन्द्र शर्मा, विकास अधिकारी नंदलाल शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष अशोक बना, गांधी जीवन दर्शन समिति के लाल मोहम्मद हरसाना मौजूद रहे। समारोह में अतिथियों का साफा बन्धन व माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आये लाभार्थियों के द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का लाइव संबोधन सुना गया। बाद में लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान 5 चयनित दिव्यांगों को स्कूटी वितरित की गई। वही एसडीएम ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पटवारी इम्तियाज खान, ग्राम विकास अधिकारी श्योदान मीना, आरिफ खान सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन व चंबल परियोजना उपकरण शॉप का उद्घाटन



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव** शहर में जलजीवन मिशन और चंबल परियोजना में लगने वाले सभी उपकरण व मेटेरियल के कार्यालय का उद्घाटन नितिशा एंटरप्राइजेज एंड वाटर सॉल्यूशंस द्वारा किया गया। अब इस कार्यालय से मैन्यूफैक्चरिंग एवं होलसेल सप्लाई गुलाबपुरा नगर से पूरे राजस्थान में की जाएगी ' उक्त जानकारी कंपनी के प्रबंध संचालक मनोहर गर्ग एवं प्रशांत शर्मा ने दी।इस दौरान प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग, कमल शर्मा अध्यापक, संघ के अधिकारी नेरेंद्र केलानी, दिलीप नागर, गजमल गुर्जर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष,राहुल काबरा, रवि धाबाई ,रंगलाल चौधरी , भाजपा वरिष्ठ नेता रतन सुराणा,नंद लाल काबरा, अकरम मुहम्मद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## वीर सावरकर चौराहे पर महान सम्राट अशोक मौर्य की मनाई जयंती



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** वीर सावरकर चौराहे पर सकल हिंदू समाज द्वारा महान सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाई गई ' सम्राट अशोक मौर्य राजवंश के तीसरे राजा थे जिन्होंने अखंड भारत की स्थापना की थी अंत में सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था! इस दौरान अशोक मौर्य, लेखराज बैरवा, युवा बेरवा समाज अध्यक्ष नीरज टाटीवाल, गुड्डू सिंधी,एडवोकेट गोपाल वैष्णव, कमल शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष हरीश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण सारड़ा, बंटी छतवानी, पूर्व पालिका अध्यक्ष चेतन पेसवानी, समाजसेवी किशोर राजपाल,मयूर मिल के पवन गुप्ता एवं हिंदू संगठनों के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संत श्री सुन्दरदास जी महाराज के पाटोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

# सामाजिक बुराईयों को समाप्त कर समाज को एकजुट रहकर करमा होगा समाज हित में कार्य : गुप्ता

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** गुरुवार को खण्डेलवाल समाज राजगढ़ द्वारा संत श्री सुन्दरदास जी महाराज की 427 वीं जंयती के उपलक्ष्य में श्रीराम नवमी महोत्सव एवं संत शिरोमणि संत श्री सुन्दरदास जी महाराज की मूर्ति स्थापना पाटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री खण्डेलवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता तुंगा वाले रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्डेलवाल समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद रावत ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्य महासभा के संयुक्त मंत्री सुरेश चंद घीया सालोली वाले, एडवोकेट शैलेन्द्र तांबी, समाजसेवी सतीश खण्डेलवाल, नेमीचंद घीया, खण्डेलवाल महिला समिति की अध्यक्ष आशा तांबी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संत श्री सुन्दरदास जी महाराज के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का खण्डेलवाल समाज राजगढ़ द्वारा माला, साफा पहनाकर तथा दुपट्टा ओढ़ाकर तथा तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज की बालिकाओं द्वारा ईश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बालक- बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान सत्र 2022 में मेधावी रहे विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्य महासभा के अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता तुंगा वाले ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना होगा। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने की अपील की।उन्होंने अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्य महासभा द्वारा समाज हित में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर समाज के अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में खण्डेलवाल महिला समिति की पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर रामरतन तांबी, प्रेमप्रकाश आमेरिया, ओमप्रकाश घीया, लोकेश रावत, हरिओम झालानी, बालकिशन झालानी, अनिल गुप्ता, खण्डेलवाल मित्र मंडल के गोपाल मामोडिया, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्य खण्डेलवाल, मुकुल बड़ाया, राजकुमार खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष व बच्चे उपस्थित रहे।





### शोभायात्रा का कस्बे में हुआ भव्य स्वागत

कार्यक्रम में सुबह 10 बजे कस्बे की कमेटी की गली स्थित श्री खण्डेलवाल धर्मशाला से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जो कस्बे के मुख्य मार्ग गणेश पोल, पुलिस थाना रोड, गोविंद देव बाजार, गोल सर्किल, चौपड़ बाजार होते हुए कार्यक्रम स्थल खण्डेलवाल धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा का कस्बे में विभिन्न जगहों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा बैंड बाजा के साथ चल रही थी।शोभायात्रा में महिला पुरुष समाज की पताका लेकर चल रहे थे।इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# कप्तान छुट्टन लाल मीना हॉस्टल में बैठक का किया आयोजन

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** राजस्थान दिवस के अवसर पर 30 मार्च को अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित कप्तान छुट्टन लाल मीना हॉस्टल में बालिका हॉस्टल की



मांग को लेकर मीना समाज के जागरुक नागरिको ने बैठक आयोजित की। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर हरिसिंह मीना ने बताया कि मीना समाज की बालिकाओं के लिए हॉस्टल बनाने की जगह को लेकर यह बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सात वर्षीय बालिका काव्या ने की। अध्यक्ष काव्या ने कविता सुनाकर सबको प्रेरित किया। आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ़ मीना बालिका होस्टल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए लल्लूराम मीना खुर्द ने बताया कि होस्टल बनाने के आवेदन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार ने आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ़ अलवर के पक्ष में बालिका छात्रावास हेतु 2000 वर्गमीटर भूमि आवंटन की कार्यवाही के लिए प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवम शहरी आवासन मंडल को भी लिख दिया है। बालिका होस्टल संघर्ष समिति के संयोजक बोदनलाल ने अब तक किये गए संघर्ष से अवगत कराया ओर बताया कि मंत्री टीकाराम जूली भी इस सम्बन्ध मे अपना पत्र पूर्व में ही लिख चुके हैं। इस संदर्भ को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं तथा विधायक जौहरी लाल मीना एवम विधायक थानागाजी कांतिलाल भी जिला कलेक्टर को लिख चुके हैं। प्रोफेसर भागीरथ मीना ने बताया कि लगभग बीस वर्ष से संघर्षरत समाज बालिका की शिक्षा हेतु होस्टल के लिए अलवर में जमीन मांग रहा है जबकि लगभग सभी समाजो को अलवर नगर विकास न्यास जमीन का आवंटन कर चुका है। अगर जल्द ही जमीन का आवंटन नही होता है तो सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में एकमत से निर्णय लिया गया कि यूआईटी अलवर में जल्द मिलकर कार्य को पूर्ण करवाया जायेगा। सभी सदस्यों ने निर्णय किया कि मंत्री टीकाराम जुली और जिला कलेक्टर अलवर से मिलकर यथाशीघ्र जमीन आवंटन की प्रक्रिया को पूर्ण करवाया जाएगा। इस मौके पर प्रोफेसर राजेंद्र मीना, दिल्ली से आए हरि किशन मीना, मुकेश , कुलदीप मीना, अंबेडकर नगर सचिव विक्रम सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान कप्तान छुट्टन लाल मीना हॉस्टल के विद्यार्थी मौजूद रहे।



## तेज हवा के साथ हुई बारिश से फसलों का हुआ नुकसान, किसान चिंतित



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा( बहरोड़)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश से विभिन्न स्थानों पर विधुत पोल व अनेक पेड़ गिर गए।



जिससे दोपहर बाद देर रात्रि तक विधुत सप्लाई बाधित रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की फसलों को भारी नुकशान हुआ। सरसों की कटाई को लगभग एक महीना हो गया लेकिन बार बार बारिश आने की वजह एकत्रित सरसों की फसल को थ्रेसर से निकलवा नहीं पा रहे है। ऐसे में फसल खेतों में पड़ी हुई है। वही गेहूं की फसल पूर्ण रूप से पक जाने के बाद बारिश के कारण खराब हो रही है। ऐसे में किसानों द्वारा गेहूं की फसल को काटा जा रहा है। कुछ किसान तो फसल काट भी चुके है । ऐसी स्थिति में दोनों को नुकसान है कटी हुई फसल की बाल खेतों में झड़ रही हैं व खड़े हुए गेहूं को काटने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिस प्रकार राजस्थान में फसल को जुआ का रूप दिया गया है। उसी स्थिति में आज बिगड़ती फसल के रूप में देखने के लिए मिल रहा है। वहीं कस्बे में बारिश के कारण पानी निकासी नाले अवरुद्ध हो गए हैं। जिनमें ढेरों गंदगी होने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा। कस्बे की सड़कों पर पानी जमा हो गया है। पैदल व दुपहिया वाहनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## हरसाना सरपंच प्रभुदयाल मीना का जिला कलेक्टर ने किया सम्मान

गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़ की ग्राम पंचायत हरसाना के चिरंजीबी ग्राम पंचायत घोषित होंने पर सरपंच प्रभुदयाल



मीना का गुरुवार को अलवर में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किया गया। बीसीएमएचओ ड़ॉ.रुपेन्द्र शर्मा ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक की 24 ग्राम पंचायत में से 13 ग्राम पंचायत चिरंजीबी ग्राम पंचायत घोषित हो चुकी है। वही जिला स्तरीय समारोह में सम्मान के लिये हरसाना सरपंच प्रभुदयाल मीना का चयन किया गया था। गुरुवार को प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में चिरंजीवी ग्राम पंचायत बनाने में सहयोग करने पर जिला कलेक्टर ड़ॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के द्वारा सरपंच प्रभुदयाल का सम्मान किया गया। गौरतलब है कि सरपंच प्रभुदयाल मीना सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक है और क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी है।

# द कश्मीर फाइल्स के प्रोड्यूसर पहुंचे बहरोड़ पश्चिम बंगाल पर 2024 में आएगी फिल्म

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड।** बहुचर्चित फिल्म दी कश्मीर फाइल्स के प्रोड्यूसर व अभिषेक आर्ट्स ग्रुप के मालिक तेज नारायण अग्रवाल बहरोड पहुँचे।



अपनी कुलदेवी शीतला माता गुड़गांव गढ़ी महासर में माता रानी के दर्शन के पश्चात शहर के प्रमुख होटल हाईवे एक्सप्रेस में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों व हिंदू संगठनों ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर लायंस क्लब बहरोड किंग्स, लायंस क्लब बहरोड, भारत विकास परिषद, हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद, अग्रवाल समाज, वैश्य समाज के द्वारा उनका फूल मालाएं साफा व शॉल ओढ़ाकर व कई प्रकार की स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे अपनी माटी में आने पर बहुत खुशी महसूस होती है मैं हर वर्ष अपनी कुलदेवी माता के दर्शन करने के लिए और अपने परिवार जनों से मिलने के लिए आता हूं।भारतवर्ष में पूर्व में हिंदुओं पर हुए उत्पीड़न को हमें देखना होगा हमें हिंदू राष्ट्र की तरफ बढ़ना होगा हम निरंतर इसी प्रकार के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित फिल्में लाते रहेंगे। इस अवसर पर देवकीनंदन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ अनिल गुप्ता, डॉ आदर्श गुप्ता, अनूप अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, हुकुमचंद यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



# स्किल ट्रेनिंग से बेरोजगार युवाओ को मिलेंगे रोजगार के बेहतरीन अवसर: प्रो. मजूमदार

### एस.एल.आई.ई.एम. कोलकाता द्वारा यूईएम जयपुर में हुई कार्यशाला आयोजित

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** राजस्थान के बेरोजगार युवाओं के लिए साल्ट लेक इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कोलकाता द्वारा जयपुर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर में राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत राज्य के बेरोजगार युवाओं को वित्तीय सहायता एवं कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के उप निदेशक परियोजना व कार्यक्रम के सेंटर हेड संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि योजना के तहत पात्र उम्मीदवारों को 3,500 रुपये मासिक अधिकतम 2 वर्ष की अवधि के लिए भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा, उम्मीदवारों को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए मुफ्त कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में बेरोजगारी दर को कम करना और युवाओं को रोजगार प्रदान करने के साथ साथ आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के अवसर प्रदान करना है। साल्ट लेक इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कोलकाता के अधिकारी उत्तम कुमार दत्त ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत विद्यार्थियों को सोलर ग्रीन एनर्जी कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, सौर अधिष्ठापन प्रशिक्षण में व्यक्तियों को सौर पैनल और संबंधित उपकरण स्थापित करने सम्बंधित आवश्यक कौशल और प्रशिक्षण शामिल है। प्रशिक्षण में आमतौर पर सुरक्षा, सिस्टम डिजाइन, इंस्टॉलेशन तकनीक और रखरखाव जैसे विषय शामिल होते हैं। जो सौर संयंत्र परियोजना में आवश्यक है। यह सोलर पावर प्लांट इंस्टॉलर कौशल उन्हें विभिन्न कंपनी पैन इंडिया के आधार पर सोलर पावर प्लांट इंस्टॉलर के रूप में नौकरी पाने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के इस सौर स्थापना प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई विषय उपलब्ध हैं, जिनमें लघु पाठ्यक्रम और कार्यशालाएँ से लेकर अधिक व्यापक प्रमाणन कार्यक्रम शामिल हैं। प्रो.राजीव ने बताया कि सौर अधिष्ठापन प्रशिक्षण में शामिल सौर प्रणाली का डिजाइन विषय में सौर प्रणाली को डिजाइन करने की मूल बातें शामिल हैं, जिसमें घर या व्यवसाय की ऊर्जा जरूरतों का निर्धारण करना, सही प्रकार के सौर पैनलों का चयन करना, पैनलों के सही स्थान का निर्धारण करना शामिल है।, इंस्टालेशन तकनीक में : सोलर पैनल और संबंधित उपकरणों को स्थापित करना शामिल हैं, जिसमें पैनल को माउंट करना, सिस्टम को वायर करना और पैनल को इलेक्ट्रिकल ग्रिड से जोड़ना शामिल है।, सुरक्षाः इसमें सौर स्थापना में शामिल विभिन्न सुरक्षा विचार शामिल हैं, जिसमें ऊंचाई पर काम करना, बिजली के साथ काम करना और उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करना शामिल है।, रखरखाव और समस्या निवारणः इसमें सौर प्रणालियों के रखरखाव और समस्या निवारण तकनीकों को शामिल किया गया है ' जिसमें नियमित रखरखाव कैसे करना है और सामान्य समस्याओं का निदान और समाधान कैसे करना है।, अनुमति और कोड : इसमें आवश्यक परमिट प्राप्त करने और स्थानीय कोडों का अनुपालन करने सहित सौर स्थापना से संबंधित विभिन्न बिल्डिंग कोड और नियम शामिल हैं।, सौर ऊर्जा के बढ़ते क्षेत्र में प्रवेश करने और सौर प्रणालियों को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के लिए सौर स्थापना प्रशिक्षण व्यक्तियों के लिए एक उत्कृष्ट तरीका हो सकता है।, यह योजना राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के युवाओं का समर्थन करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की एक शानदार पहल है। कार्यक्रम के सहयोगी प्रो देवदत्त शामल, प्रो. सम्राट साहा, शोभा शर्मा, प्रो. विजय कुमार रहे।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# भारत के आतंरिक मामले में हस्तक्षेप ना करें यूएस-जर्मनी

भारत के आंतरिक मामले को लेकर किसी भी दूसरे देश को किसी प्रकार की भी टिप्पणी का हक नहीं है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसके सभी घटक कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं। राहुल गांधी को सजा कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई है और उनकी संसद सदस्यता भी कानूनी अधिनियम के अंतर्गत गई है। भारत की आंतरिक राजनीति की हकीकत जाने बिना किसी दिश का किसी फैसले पर राय बनाना गलत है। अमेरिका के बाद जर्मनी ने जिस तरह की टिप्पणी की है, वह भारत के मामले में अनाधिकार हस्तक्षेप जैसा है। राहुल गांधी समेत दूसरे कांग्रेस नेता कब कहां क्या बोल रहे हैं, किनकी अवमानना कर रहे हैं और भारत के लोकतंत्र व प्रधानमंत्री की गरिमा पर कैसे कुठाराघात कर रहे हैं, इन सबका सच जाने बिना किसी के द्वारा टिप्पणी करना भारत के आंतरिक मामले में हसतक्षेप है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद होने को लेकर जर्मनी का कहना कि 'हम उम्मीद करते हैं कि राहुल गांधी पर कार्रवाई करते समय न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक अधिकारों को ध्यान रखा जाएगा', सरासर अनावश्यक है। भारत और जर्मनी के मजबूत संबंध हैं, इसलिए जर्मनी को सोच समझकर बयान देना चाहिए था। भारत को जर्मनी के सामने अपना सख्त विरोध जताना चाहिए। जर्मन विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने जर्मनी की पब्लिक ब्रॉडकास्टर डॉयचे वेले पर प्रसारित रेगुलर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान बुधवार को कहा, ₹हमारी जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी इस फैसले के खिलाफ अभी अपील कर सकते हैं, इस अपील के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि क्या यह फैसला कायम रहेगा? और यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता बर्खास्त करने का कोई आधार है या नहीं? आखिर, जर्मन विदेश मंत्रालय से ऐसे बयान का क्या तुक है? इससे पहले अमेरिका ने भी राहुल गांधी मामले पर प्रतिक्रिया दी थी। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा था कि कानून और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए सम्मान किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। भारतीय अदालतों में चल रहे राहुल गांधी के मामलों पर हमारी नजर है। हिटलर के मूल देश और रंग को लेकर भेद की घटनाओं वाले देश भारत को नसीहत दें, यह शोभनीय नहीं है। राहुल गांधी पर कोई भी फैसला भारतीय कानून सम्मत है। इसको जज करने का हक किसी भी दूसरे देश को नहीं है। अमेरिका व जर्मनी को अपनी सीमा पता होनी चाहिए। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है, इसलिए देसरे देशों को इसका ख्याल रखना चाहिए। भारत ने कभी भी दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया है। यहां तक कि कश्मीर को लेकर जब अमेरिका व यूरोप एकतरफा मानवाधिकार के बहाने सवाल उठाते थे, तब भी भारत ने संयम ही दिखाया, जबकि भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का सामना करता रहा है। यूरोप प अमेरिका ने कभी भी कश्मीर आतंकवाद को गंभीरता से नहीं लिया। जर्मनी व अमेरिका को समझना चाहिए कि राहुल गांधी सत्ता के लिए राजनीति कर रहे हैं और इसके लिए हर वो मर्यादा तोड़ रहे हैं, जो भारतीय गरिमा के खिलाफ हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनी हुई सरकार है, जर्मनी व अमेरिका यह समझ लें। भारत में लोकतंत्र को खतरे में बताना झूठा प्रोपेगैंडा है। परिवारवादी वर्चस्व पार्टी कांग्रेस अपनी सियासी जमीन पाने के लिए भाजपा, संघ व पीएम मोदी पर निशाना साध रही है, उनके कहने भर से न लोकतंत्र खतरे में है व न ही संविधान। कांग्रेस को बाहरी तिकड़म के बजाय अपने देश की जनता पर भरोसा करना चाहिए।

## सारा संसार



सूरज ताल समुद्र तल से 4950 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक ऐसी झील है जिसे भारत की तीसरी सबसे बड़ी झील के रूप में जाना जाता है। स्पीति घाटी में स्थित सूरज ताल झील का शाब्दिक अर्थ है, 'सूर्य देवता की झील'।

## रिपोर्ट

रवि शंकर



# ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स की रिपोर्ट पर सवाल

हाल ही में यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क ने वर्ल्ड खुशहाली रिपोर्ट 2023 जारी की, जो देशों को खुशहाली के आधार पर रैंक प्रदान करती है। वर्ल्ड खुशहाली रिपोर्ट वर्ष 2012 के बाद से प्रत्येक वर्ष 20 मार्च के आसपास इंटरनेशनल डे ऑफ खुशहाली सेलिब्रेशन के हिस्से के रूप में प्रकाशित की जाती है। यह रिपोर्ट 150 से अधिक देशों में लोगों के सर्वेक्षण डेटा के आधार पर वैश्विक स्तर पर खुशहाली हेतु रैंक प्रदान करती है। इस वर्ष रिपोर्ट में 136 देशों को शामिल किया गया है। रैंकिंग खुशहाली को मापने हेतु छह प्रमुख कारकों का उपयोग करती है-सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति। बहरहाल, एक बार फिर 'ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स' में फिनलैंड ने सर्वोच्च स्थान पाने में कामयाब रहा। गौर करने वाली बात यह है कि फिनलैंड, लगातार छठी बार सर्वोच्च स्थान पाया है, जबकि डेनमार्क दूसरे स्थान पर रहा, इसके बाद तीसरे स्थान पर आइसलैंड है। पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी शीर्ष 20 प्रदर्शनकर्ताओं के आंकड़ों में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं हुए हैं, एक छोटा सा परिवर्तन यह है कि लिथुआनिया ने 20वें स्थान के रूप में शीर्ष 20 में अपनी जगह बना ली है। वहीं यदि भारत की बात करें तो 136 देशों की सूची में भारत 125वें स्थान पर है, जबकि खुशहाल देशों की इस सूची में पिछले साल 146 देश थे और तब भारत को 135वें स्थान पर रखा गया था। पिछली बार के मुक़ाबले भारत की रैंकिंग में सुधार जरूर हुआ है। जंग लड़ रहे रूस और यूक्रेन भी इस लिस्ट में भारत से आगे हैं। रूस 70वें और यूक्रेन 92वें पायदान पर है। इस मामले में अफगानिस्तान सबसे निचले पायदान पर है। इसके अलावा रैंक में नीचे रहने वाले देशों में लेबनान, ज़िम्बॉब्वे, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो जैसे देश हैं।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि शीर्ष 20 देशों की सूची में एशिया का एक भी देश शामिल नहीं है। हैप्पीनेस इंडेक्स में किसी देश की स्थिति जानने के लिए उसकी जीडीपी, वहां जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा को देखा जाता है। जाहिर है इस रिपोर्ट में वही मानक रखे गए हैं जिन्हें लोगों को एक सामान्य जीवन जीने के लिए न्यूनतम माना गया है,परंतु अफसोस की बात है कि भारत इन पर खरा नहीं उतर पाया। अहम सवाल यह है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। भारत की गिनती इस समय विश्व में सबसे युवा देश में हो रही है। फिर भी भारत को कमतर 'ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स' की रिपोर्ट पर सवाल खड़ा करता है? निश्चित ही वैश्विक स्तर पर खुशहाली का यह सूचकांक देश के बहुआयामी विकास का एक आईना है, मगर देश के समावेशी विकास को यदि यह आईना झुठलाता है तो इस विषय पर गंभीर चिंतन-मनन की आवश्यकता है।

# विपक्ष का चेहरा बन पाएंगे राहुल



**सवाल**

राज कुमार सिंह

2014 में एकतरफा लोकसभा चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के केंद्र में सत्तारूढ़ होने के बाद से ही विपक्षी एकता की जरूरत पर जोर दिया जाता रहा है। इस दिशा में कोशिशें भी की जाती रही हैं,पर कोई नतीजा नहीं निकला। कभी दलगत हित आड़े आते रहे तो कभी नेताओं की सत्ता महत्वाकांक्षाएं। लेकिन गत बृहस्पतिवार जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि मामले में सूरत की अदालत ने दो साल की सजा सुनाई और परिणामस्वरूप अगले ही दिन उनकी लोकसभा सदस्यता भी समाप्त कर दी गई, उसके बाद मोदी सरकार और भाजपा के विरुद्ध तमाम विपक्षी नेता एक सुर में बोलते नजर आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी एकता की कवायद पर पिछले दिनों तंज कसा था कि जो काम मतदाता नहीं कर पाये, वह ईडी ने कर दिया। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सजा और परिणामस्वरूप उनकी लोकसभा सदस्यता की समाप्ति पर विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिया बताती है कि दरअसल वह काम अब होता नजर आ रहा है। 2014 में एकतरफा लोकसभा चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के केंद्र में सत्तारूढ़ होने के बाद से ही विपक्षी एकता की जरूरत पर जोर दिया जाता रहा है। इस दिशा में कोशिशें भी की जाती रही हैं,पर कोई नतीजा नहीं निकला। कभी दलगत हित आड़े आते रहे तो कभी नेताओं की सत्ता महत्वाकांक्षाएं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम केसीआर और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की कांग्रेस से एलर्जी खुला रहस्य है। इसी महीने सागरदिघी विधानसभा उप चुनाव कांग्रेस से हारने के बाद ममता ने ऐलान किया था अगला लोकसभा चुनाव तृणमूल कांग्रेस अकेले लड़ेगी। फिर ममता से मिलने पहुंचे अखिलेश ने संकेत दिया कि उनका प्रस्तावित तीसरा मोर्चा, कांग्रेस और भाजपा से समान दूरी रखेगा। केजरीवाल और केसीआर की राजनीति भी कमोवेश यही रही है, लेकिन गत बृहस्पतिवार जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि मामले में सूरत की अदालत ने दो साल की सजा सुनाई और परिणामस्वरूप अगले ही दिन उनकी लोकसभा सदस्यता भी समाप्त कर दी गई, उसके बाद मोदी सरकार और भाजपा के विरुद्ध तमाम विपक्षी नेता एक सुर में बोलते नजर आ रहे हैं। सोमवार को कांग्रेस द्वारा बुलाई गई विपक्ष की बैठक और संसद में विरोध दिखाने में तो तृणमूल कांग्रेस भी शामिल हुई।

बेशक कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के रिश्तों में खिंचाव के लिए किसी एक पक्ष को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों के समय राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस पर कटाक्ष किया था तो पिछले साल गुजरात विधानसभा चुनावों के दौरान आप कांग्रेस के निशाने पर रही थी। पिछले दिनों जब सीबीआई ने जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू यादव परिवार से पूछताछ की तो कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया जताई, लेकिन दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की शराब नीति घोटाले में गिरफ्तारी की निंदा करने के बजाय सघन जांच की जरूरत बतायी। जाहिर है, उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल तक की राजनीति में हाशिये पर खिसक गई कांग्रेस वहां क्षेत्रीय दलों से भी परास्त हो जाने को पचा नहीं पा रही। इनमें से ममता और केसीआर तो मूलतः कांग्रेसी भी रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी और आप ने भी जनाधार कांग्रेस से ही छीना है, पर यह साम्राज्यवादी सोच है, जिसके लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है और जो जीते, वही सिकंदर, इसलिए राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय दलों को भी सम्मान भाव से देखना



चाहिए और वैचारिक आधार पर उनके साथ समन्वय भी बनाकर चलना चाहिए।

ऐसा नहीं है कि राष्ट्रीय दल, क्षेत्रीय दलों से गठबंधन नहीं करते। आज भी केंद्र में भाजपानीत राजग सरकार है। उससे पहले 10 साल तक कांग्रेसनीत संप्रग सरकार थी। समस्या यह है कि क्षेत्रीय दलों के साथ राष्ट्रीय दलों का व्यवहार यूज एंड थ्रो वाला रहता है, जो अपमानजनक ही नहीं, अलोकतांत्रिक भी है, इसीलिए जब भी मौका मिलता है क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय दलों को आंखें दिखाने से नहीं चूकते। यही कारण है कि जब 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मात्र 44 सीटों पर सिमट गई और 2019 में भी 53 तक ही पहुंच पाई, तो क्षेत्रीय दलों ने उसका नेतृत्व मानने से किनारा कर लिया। जब-तब संसद में साझा रणनीति तो रही, पर उससे आगे बात नहीं बढ़ पायी।

मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों के बीच परस्पर वार-पलटवार भी चलता रहा, पर ताजा राहुल प्रकरण ने विपक्षी दलों के बीच की तमाम दूरियों को एक झटके में मिटा दिया लगता है। ममता से लेकर केजरीवाल और अखिलेश तक तमाम विपक्षी नेताओं ने इसे विपक्ष की आवाज बंद करने की कोशिश करार देते हुए मोदी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया है। विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों से ध्वनि यह भी निकल रही है कि सबको मिल कर लड़ना पड़ेगा। खासकर भारत जोड़ो यात्रा के बाद से कांग्रेस के तेवर भी क्षेत्रीय दलों के प्रति तल्ख हो गये थे, लेकिन सांसदी गंवाने के बाद गत शनिवार को अपनी पहली प्रेस कान्फ्रेंस में राहुल ने भी कहा कि सब मिल कर लड़ेंगे।


बदलते राजनीतिक समीकरणों के मूल में साझा संकट और हित भी देखे जा सकते हैं। सोनिया-राहुल नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के शिकंजे में हैं, तो रॉबर्ट वाड्रा के विरुद्ध भी कई मामले हैं। आम आदमी पार्टी के दो वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में बंद हैं। केसीआर की बेटी कविता से भी दिल्ली शराब नीति घोटाले मामले में ईडी पूछताछ कर चुकी है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और परिवार पर जमीन के बदले नौकरी मामले में शिकंजा कस रहा है तो शिव सेना के संजय राउत भी ईडी के दायरे में हैं। तृणमूल के कई नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामले हैं ही। एक ओर ज्यादातर विपक्षी दलों का नेतृत्व भ्रष्टाचार के मामले में कटघरे में है तो दूसरी ओर राहुल प्रकरण के बाद विपक्षी नेतृत्व भी टकराव का मुद्दा नहीं रह गया है। जिस तरह के मामले में राहुल को अधिकतम सजा सुनाई गई है, जिसके चलते उनकी सांसदी भी चली गयी है, उसे कांग्रेस लोकतंत्र और देशहित में राजनीतिक शहादत का मुद्दा बनाएगी।

अन्य विपक्षी दल भी चाहेंगे कि अपने विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों को इससे जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के विरुद्ध बड़ा अभियान-आंदोलन छेड़ सकें, जिसका चेहरा राहुल हों, जो चुनाव तक नहीं लड़ सकते यानी उन पर किसी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का आरोप नहीं लगाया जा सकेगा। अब जब राहुल विपक्ष के नेतृत्व की स्पर्धा में नहीं रहेंगे तो अन्य नेताओं के लिए तो संभावनाओं के द्वार खुले ही रहेंगे, इसलिए आने वाले दिनों में विपक्षी एकता की कवायद और संसद के बाहर सड़क पर भी विपक्ष की सक्रियता अचानक बढ़ी दिखायी दे तो किसी को भी इस पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# छोटे-छोटे संकल्प बढ़ाते हैं आत्मविश्वास



संकलित

**दर्शन**

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# रामायण सिखाती है जीने की कला



संकलित

**प्रेरणा**

त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु ने राजा दशरथ के यहां श्रीराम रूप में अवतार लिया था। श्रीरामचरित मानस के प्रसंगों में जीवन को सुखी, शांत और सफल बनाने के सूत्र बताए गए हैं। जो लोग इस ग्रंथ का पाठ करते हैं और इसके सूत्रों को अपनाते हैं, उनकी सभी समस्याएं खत्म हो सकती हैं। हालात कैसे भी हों, हमें सकारात्मक रहना चाहिए। श्रीराम का राज्याभिषेक होने वाला था। पूरी अयोध्या इस बात से बहुत खुश थी। राज्याभिषेक से ठीक पहले मंथरा की बातों में फंसने से कैकयी की बुद्धि भ्रमित हो गई। कैकयी ने राजा दशरथ से अपने दो वर मांग लिए। पहला, राम को वनवास और दूसरा भरत को राज्य। इन दो वरों की वजह से खुशियां दुख में बदल गईं। अयोध्या के सभी लोग दुखी थे, लेकिन श्रीराम ने पिता के वचनों को पूरा करने के लिए खुशी-खुशी वनवास जाना स्वीकार कर लिया। वनवास के दौरान श्रीराम ने जंगल में व्याप्त असुर राम का सामना कर वहां रह रहे ऋषि मुनियों की राक्षसों से रक्षा की। लोगों के दुख दर्द में सहभागी बने। श्रीराम ने संदेश दिया है कि हमें हर परिस्थिति में सकारात्मक और शांत रहना चाहिए। वनवास जाने की बात पर भी श्रीराम विचलित नहीं हुए, उन्होंने इसमें भी सकारात्मकता देखी। हमें भी विपरीत समय में विचलित नहीं होना चाहिए और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### दागी सांसद सत्ता से कब बाहर होंगे?

2019 के लोकसभा चुनाव में 539 चुने गए मैंबर ऑफ पार्लियामेंट में से 233 माननीय यानी लगभग 43 फीसदी दागी छवि वाले चुने गए, जबकि 2014 चुनाव में लगभग 34 फीसदी दागी माननीय चुने गए थे। इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि हम देशवासियों के लिए कानून बनाने वाले माननीय में लगभग 43 फीसदी दागी छवि वाले हैं। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि अदालतों में ऐसे मामले काफी सालों से लंबित हैं और कभी ऐसा सुनने में नहीं आया कि फलां माननीय को सज़ा हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले मोदी जी ने कहा था कि उनकी सरकार आने पर दागी छवि वाले नेताओं को बाहर कर देंगे, पर ऐसा कुछ होता नहीं देखा गया है। देश की जनता सरकार से आशा लगाए बैठी है।

*- प्रेमप्रकाश यादव, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# हिमालयी ग्लेशियर अलग अलग दर पर पिघल रहे



केंद्र सरकार ने कहा है कि हिमालयी क्षेत्र में जिन ग्लेशियर का अध्ययन किया गया है, उनमें से अधिकतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग दर पर पिघल रहे हैं। सरकार ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी ग्लेशियर के पिघलने का न सिर्फ हिमालयी नदी प्रणाली के बहाव पर गंभीर असर पड़ेगा, बल्कि इससे प्राकृतिक आपदाओं में भी इजाफा होगा। रिपोर्ट में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग ने हिमालय में ग्लेशियर के लगातार पिघलने, पीछे खिसकने और साल के दौरान ग्लेशियर के क्षेत्र में अनुमानित कमी की समस्या के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने नौ ग्लेशियर के द्रव्यमान संतुलन का अध्ययन किया है और 76 ग्लेशियर के सिकुड़ने या खिसकने की प्रक्रिया पर भी गौर फरमाया है। इसमें कहा गया है, 'हिमालय के अधिकांश ग्लेशियर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग दर पर पिघलते या अपने स्थान से खिसकते दिखाई दिए हैं।' विभाग ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के किसी भी प्रभाव के कारण ग्लेशियर पिघलने से न केवल हिमालयी नदी प्रणाली का प्रवाह गंभीर रूप से प्रभावित होगा।

## ऑफ बीट

# पहली बार बहुत बड़े ब्लैक होल का पता चला है



खगोलविदों ने पहली बार गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग के माध्यम से पृथ्वी से करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर एक आकाशगंगा के अंदर एक बहुत बड़े ब्लैक होल की खोज की है, जिससे और अधिक ब्लैक होल का पता लगने और उनकी उत्पत्ति का अध्ययन करने का मार्ग खुला है। गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग वह जगह है जहां एक अग्र भाग वाली आकाशगंगा अधिक दूर की वस्तु से आने वाले प्रकाश को मोड़ती है और उसे आवर्धित करती है। डरहम यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन के नेतृत्व में अनुसंधानकर्ताओं ने ब्लैक होल से प्रकाश के मुड़ने का गहन अध्ययन करने के बाद एक बहुत बड़े ब्लैक होल का पता लगाया जिसका द्रव्यमान उक्त आकाशगंगा में हमारे सूर्य के द्रव्यमान से 30 अरब गुना से अधिक है। इस अध्ययन के निष्कर्ष का प्रकाशन पत्रिका 'मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' में किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए खोजा गया यह पहला ब्लैक होल है। प्रमुख अध्ययनकर्ता और डरहम यूनिवर्सिटी में भौतिकी विभाग में कार्यरत जेम्स नाइटिंगेल ने कहा, 'इस खोज से हमें हमारे स्थानीय ब्रह्मांड के परे और भी अनेक ब्लैक होल मिल सकते हैं।'

## ट्रेंड

### सत्ता के दुरुपयोग के भुक्तभोगी



हम सत्ता के दुरुपयोग के भुक्तभोगी हैं। मेरे ऊपर फर्जी एनकाउंटर का फर्जी केस किया गया। अधिकारी बस एक ही बात बोलते थे कि और कुछ नहीं चाहिए, बस मोदी का नाम ले लो। हमने यह लड़ाई कोर्ट में लड़ी... काले कपड़े पहन कर विरोध नहीं किया।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### ज्ञानार्जन का प्रयास करें



जीवन के अनेक दुखों और समस्याओं का कारण मन का अज्ञान ही है। आत्म जागरण अथवा ज्ञान प्राप्ति के बाद मन का द्वैत विलीन हो जाता है व आनंद शांति तथा समाधान जैसी दिव्यताएं प्रकट होने लगती है ! अतः ज्ञानार्जन का प्रयास हो!

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु


### अब डर काहे का



'जब दोस्त भए पीएम, तो अब डर काहे का' 2014 से पहले कहते थे कि विदेशों से काला धन वापस लाऊंगा और अब जब अदाणी की 38 शेल कंपनियों पर बात आई तो कह रहे हैं कि शेल कंपनियों का डाटा ही नहीं है। वाह मोदी जी, दोस्त को बचाने के लिए कितनी तरकीबें लगा रहे हैं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### रिश्ते में असहमति होगी



हर गहरे रिश्ते में असहमति होगी। मुद्दों का सामना करने और उन्हें हल करने से रिश्ते केवल मजबूत होते हैं क्योंकि चोट, हताशा, जलन के नीचे हमेशा बढ़ने और रिश्ते को बेहतर बनाने की तीव्र इच्छा होगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# विधायक जौहरीलाल मीना ने 37.50 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

## ग्राम पंचायत ईटोली में दानपुर-कोडिया रोड से बहादुरपुर की और जाने वाली सड़क का हुआ शिलान्यास

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-ईटोली मे दानपुर-कोडिया रोड से बहादुरपुर की और जाने वाली डामर सड़क का शिलान्यास गुरुवार स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी के तौर पर स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना रहे तथा विशिष्ट अतिथी रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना तथा जिला पार्षद एकता मीना प्रतिनिधी व पूर्व सरपंच पप्पू राम मीना रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच धर्मराज मीना के द्वारा की गई। यह डामर सड़क बहादुरपुर की और 1.50 किलोमीटर बनाई जावेगी जो मिसिग लिक योजनान्तर्गत है जिसकी लागत 37.50 लाख रुपए है। इससे दानपुर और कोडिया तथा बहादुरपुर गांव के नागरिको को आपस मे आने जाने मे बहुत सुविधा हो जायेगी।





इस दौरान कोडिया और दानपुर ग्राम वासियो के द्वारा सरपंच धर्मराज के माध्यम से स्थानीय विधायक मीना को पेयजल संकट के बारे मे अवगत कराया तथा बिजली जीएसएस भी सुविधाजनक जगह पर बनवाने के लिए आग्रह किया। विधायक मीना ने इस दौरान दोनो ही समस्याओ का समाधान करने का आश्वासन दिया तथा आगामी चुनाव मे फिर दुबारा से वोट देने की अपील भी की। इस दौरान कानेटी सरपंच प्रतिनिधी कमलेश मीना, बीलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर व भजेड़ा सरपंच बिजेन्द्र कुमार मीना तथा डेरा सरपंच अशोक कुमार बैरवा, बहड़को सरपंच हरि प्रसाद मीना, पप्पू राम मीना (पूर्व सरपंच), भूतपूर्व प्रधान प्रतिनिधी रामोतार किराड रैणी, रैणी ब्लॉक के पूर्व कान्ग्रेस अध्यक्ष विजय शर्मा और पूर्व अध्यक्ष सीताराम मीना सहित मदन दानपुर , गुल्ल्या, छोटेलाल सहित सैकड़ो ग्रामीण लोग मौजूद रहे। इस दौरान मंच संचालन विश्राम मीना (अध्यापक) दानपुर के द्वारा किया गया। मिडियाकर्मी महेश चन्द मीना को यह सारी जानकारी स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के पीए मोनू शर्मा के द्वारा दी गई है।

---

सितारा न्यूज ब्रीफ

## रामनवमी पर्व पर सुंदर कांड पाठ का का हुआ भव्य आयोजन



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव ।** क्षेत्र में रामनवमी का पावन पर्व विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया ' रामनवमी पर विभिन्न स्थानों, मंदिरों में रामायण पाठ, सुंदर कांड पाठ, हवन, यज्ञ, अनुष्ठान सहित धार्मिक आयोजन आयोजित किये गए '' राम मंदिर में राम चरित्र मानस मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया ' इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनराज गुर्जर, सत्यनारायण अग्रवाल, संपत व्यास, शिवनाथ सिंह राठौड़, रामभरोसे, सहित सकल हिन्दू समाज के गणमान्यजन, भक्तगण मौजूद रहे।

## नवरात्रों मे शक्तिपीठ धनोप माता के मंदिर के दानपात्र मे आए 14.77 लाख रुपये



गरीबों का सितारा

**धनोप/ गुरुवार 30 मार्च।** नवरात्रा नवमीं को शक्तिपीठ धनोप माता मंदिर का दानपात्र खोला। व्यवस्थापक हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणावत की मौजूदगी में गिनती की। दानपात्र से 14 लाख 76 हजार 995 रुपए की राशि निकली। इससे पहले 18 मार्च शनिवार को दान पात्र खोला जिसमें 12.12 लाख रुपए की राशि निकली थी। दानपात्र से निकली राशि नवरात्रा सहित 12 दिनों की है। इस दौरान अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणावत, माधवेंद्र सिंह राणावत, व्यवस्थापक हेमेंद्र सिंह राणावत, सचिव रमेश चंद्र पंडा, ट्रस्टी कैलाश चंद्र पंडा, प्रदीप पंडा, कालु पंडा, ट्रस्ट कर्मचारी महेश चंद्र जोशी, सुनील पालड़ेचा, लाला माली, महावीर वैष्णव, धर्मराज प्रजापत व अन्य यात्रीगण उपस्थित रहे।

## चावण्डी में भरा मेला, कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा, बहरोड़।** क्षेत्र के चावण्डी गांव में गुरुवार को चावण्डी माता मन्दिर प्रांगण में मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के दर्जनभर गांवों से श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाकर मेले का लुफ्त उठाया व दंगल में पहलवानों ने अपना जोश आजमाया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री डॉ नीलम यादव ने पहुंचकर मंदिर में धोक लगाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। व पहलवानों का हाथ मिलवा कर कुश्ती प्रारंभ करवाई गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

## रामनवमी पर्व पर घर-घर हुई पूजा

### नन्ही मुन्नी कन्याओं को भोजन करवाकर उपहार किए भेंट, लिया कन्याओं का आशीर्वाद



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ मे गुरुवार को रामनवमी पर्व पर रामगढ़ सर्व समाज सहित आसपास के क्षेत्रों में घर घर मां दुर्गा की ज्योत देखी गई तथा नन्ही मुन्नी कन्याओं को भोजन कराकर तिलक लगाकर व उपहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। रामगढ़ निवासी अमित कुमार भारद्वाज ने बताया कि रामगढ़ कस्बे के न्यू पोस्ट ऑफिसऑफिस के पास रहने वाली अमूल्य भारद्वाज उम्र करीब 10 वर्ष जो करीब 5 वर्षों से लगातार नवरात्रों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर नवरात्रि रखती है इस वर्ष भी 9 दिन के नवरात्रे रख वार गुरुवार को रामनवमी के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया। मां दुर्गा से प्रार्थना की है कि दुर्गा माता हमारे क्षेत्र में अमन चैन बना रहे व देश में शांति व्यवस्था बनी रहे।

## वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में नि:शुल्क कॅरियर गाइडेंस व मोटिवेशन सेमिनार कल

गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति की ओर से कक्षा 11 में प्रवेश लेने वाले ब्यावर के सभी छात्र-छात्राओं के सही स्ट्रीम चयन के लिए



, शहर के विभिन्न विषय विशेषज्ञो द्वारा सीधा संवाद कर मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु निःशुल्क कॅरियर गाइडेंस व मोटिवेशन सेमिनार का आयोजन कल 01 अप्रैल 2023 शनिवार को प्रातः 11 बजे वर्द्धमान पी जी गर्ल्स कॉलेज के सभागार में आयोजित होगा ' वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने बताया कि आज की पीढ़ी के विद्यार्थी अपने कॅरियर को लेकर बहुत ज्यादा भ्रमित है । इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य आज के विद्यार्थी वर्ग को उनके करियर का सही चुनाव करने के लिए एक नई सोच तथा दिशा प्रदान करना है जिससे कक्षा 11 के विद्यार्थियों को सही स्ट्रीम का चयन करवाकर सही समय पर ही उचित कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करना है'

---

## प्राकृतिक शिवलिंग से प्रख्यात वनखण्डी मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया

### अनेकों चमत्कारों का गढ़ रहा है वनखण्डी धाम





गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा (बहरोड़)।** कस्बे के बागड़ी मोहल्ले में स्थित वनखण्डी धाम मन्दिर प्रांगण में गुरुवार को भजनों व भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे सहित आसपास के गांव से श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाकर प्रसादी ग्रहण की। मंदिर पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चमत्कारी वनखंडी धाम मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है। इसमें प्राकृतिक रूप से निकला हुआ शिवलिंग स्थापित है। जिसमें हमेशा पानी मौजूद रहता है अनेकों बार यह पानी बिल्कुल लुप्त हो जाता है जिसके बाद इसमें चाहे कितना भी पानी डालो यह भरता नहीं है। ऐसा माना जाता है कि जब इस शिवलिंग में पानी सूख जाता है तो कोई बुराई का संदेश है। कस्बे



में स्थित बाबा भास्कर नंद महाराज केवल इसी मंदिर प्रांगण में आते थे पहले यह बिल्कुल जंगल की भांति खुला हुआ था। जिसे बगीची कहते थे, बाबा भास्कर नंद महाराज ने यह मंदिर प्रांगण बनवाया और चारों और चारदीवारी का निर्माण करवाया गया। शिवलिंग के ऊपर अनेकों लोगो ने छत का निर्माण करने का प्रयास किया। लेकिन आज तक शिवलिंग के ऊपर किसी भी प्रकार की छत का निर्माण नहीं हो सका। एक बार किसी ने छत लगाने का प्रयास किया था लेकिन लाखों प्रयास के बाद भी वह छत नहीं लगा पाए अंत में मुकुट नुमा छत को शिवलिंग के पास ही नीचे स्थापित कर दिया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि शिवलिंग अपने ऊपर किसी प्रकार की रुकावट नही चाहते। उसके ऊपर पीपल का वृक्ष है जो काफी पुराना वृक्ष है। लोगों का मानना है कि इस पीपल के पेड़ में ओम लिखा हुआ प्रतीत होता है। मंदिर प्रांगण में वर्ष में दो बार नवमी पर भंडारे का आयोजन होता है।

## गूंजा जयकारा : पुलिस प्रशासन की नोकझोंक के बाद निकली शोभायात्रा

### जय श्री राम के जयकारो से गूँज उठे कस्बे



गरीबों का सितारा

**हिंगोनियां।** राम नवमी के शुभ अवसर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पर बाइक भगवा रैली का आयोजन किया गया कुड़ियों का बास सरपंच रामकरण चांदीवाल ने बताया कि शांतिपूर्ण रैली निकाली जा रही थी उसके बाद पुलिस प्रशासन ने डीजे बंद करने की बात कही लेकिन युवाओं का जोश देखकर पुलिस प्रशासन को झुकना पड़ा कुछ देर नोकझोंक हुई पुलिस से और बाद में डीजे बजाकर शांतिपूर्वक रैली निकाली गई जोरपुरा, सुन्दरियावास, कुड़ियों का बास, गुड़ामान, भैसावा, बेनिया का बास, हिंगोनिया से जोरपुरा समापन हुआ । करणी सेना के गजराज सिंह व राजू शर्मा ने बताया कि यह है भगवा रैली का आयोजन हर साल किया जाता है और उसी तरह अबकी बार भी शांतिपूर्वक बाइक भगवा रैली का आयोजन सफल हुआ सरपंच रामकरण चांदीवाल ने बताया इस भगवा रैली का आयोजन हर



साल रामनवमी के शुभ अवसर पर किया जाता है इसमें सिर्फ भगवान श्रीराम के नारेबाजी की साथ युवाओं में जोश देखने को मिला इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य लालाराम शर्मा, हरीश पारीक, मोहनलाल प्रजापत ,बाबूलाल जाखड़, ऋषिराज सिंह, प्रवीण सिंह, राजेश चौधरी आदि लोगों की मौजूदगी में शोभा यात्रा का आयोजन हुआ।

## 30 दिवसीय विज्ञान एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से

गरीबों का सितारा

**रोहन शर्मा/आमेर।** राजधानी जयपुर के आमेर स्थानीय विद्यालय सेंट्रल अकैडमी के ग्राउंड में



30 दिवसीय योग विज्ञान एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर प्रकार के रोगों का निदान कैसे हो यह योग प्रशिक्षण में बताया जाएगा तथा प्रत्येक बीमारी से संबंधित योग द्वारा उसका निवारण किया जाएगा और सिखाया जाएगा कि कौन-कौन सी बीमारी में कौन सा योग करना चाहिए 30 दिवसीय योग शिविर करने का उद्देश्य यही है की हमें योग द्वारा स्वस्थ रहना है और अगर जरूरत पड़ती भी है तो आप आयुर्वेदिक दवाइयों का इस्तेमाल करें और एलोपैथिक दवाइयों के उपयोग से बचें हमारा उद्देश्य सिर्फ उनको एक महीने तक सिखाना है और उसके बाद उनको अपने जीवन में हमेशा हमेशा के लिए अपना कर अपने जीवन को सफल और स्वस्थ बनाना है।

**प्राणायाम द्वारा सफल ईलाज संभव**

योग गुरु कृष्णावतार ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर जोड़ो का दर्द, स्लीप डिस्क, सवाईकल, माईग्रेन, थाइराईड, गठिया, कब्ज, एसिडिटी, फैटी लिवर, मोटापा, चर्म रोग, दाद खाज, खुजली, सोराइसिस, पाईल्स (बवासीर), यौन रोग, शारीरिक कमजोरी, शुगर, ब्लड प्रेशर, ल्युकोरिया, अनियमित मासिक धर्म, कील-मुहाँसे, आदि बीमारियों का योग एवं प्राणायाम द्वारा सफल ईलाज संभव है।

## टॉय ट्रेन के शुभारंभ मे हुई देरी

### ट्रेन की लागत विवादों में, पहले ही दिन ही ड्राइवर गायब

### कस्बे वासियो, बच्चों व अभिभावकों में रोष

गरीबों का सितारा



**भीलवाड़ा।** शाहपुरा कस्बे में बुधवार देर शाम को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में टॉय ट्रेन का उद्घाटन समारोह लगभग 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ जिसमें 1 घंटे तक मंच खाली रहा ' नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजनीतिकरण होने से भारतीय जनता पार्टी का हो गया, भाजपा नेत्री एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तारा चास्टा ने अनैतिक तरीके से मंच का संचालन किया जिससे आमजन बुद्धिजीवी कलमकार परेशान रहे साथ ही ट्रेन की लागत को लेकर भी आमजन में असंतोष दिखाई दिया एवं आरोप लगाए गए कि खिलौना ट्रेन की लागत छ से सात लाख रुपये से ज्यादा नहीं है और नगर पालिका द्वारा जनता को गुमराह करते हुए अलग-अलग माध्यम से कभी 13 तो कभी 14 लाख ,कभी 17 तो कभी 18 लाख के खर कार्य का उल्लेख कर बताया गया ' आमजन का आरोप है कि नगर पालिका एईएन कुलदीप जैन द्वारा 14 लाख की लागत ताई गई और बिना किसी जानकारी के सोशल मीडिया और अखबार एवं कार्यक्रम से पूर्व 17 से 18 लाख हो गए ' जिससे नगरपालिका की ईमानदारी एवं पारदर्शिता में लागत कीअस्पष्टता से कमी नजर आई इतना ही नहीं आज गुरुवार को टॉय ट्रेन का संचालन होना था लेकिन पहले दिन ही ड्राइवर के नहीं आने से खिलौना ट्रेन पटरी पर नहीं दौड़ पाई जिससे कस्बे वासियों, बच्चों एवं अभिभावकों में रोष व्याप्त रहा।

## हठीले हनुमान मंदिर पर 51 फीट लंबा भगवा ध्वज फहराया

गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश।** लक्ष्कार नगर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को रामनवमी पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाल हठीले हनुमान मंदिर पर भगवान राम की आरती कर भगवा ध्वज चढ़ाया गया। शोभायात्रा बावन भैरव नाथ मंदिर से शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई हठीले हनुमान मंदिर पहुंची, जहां भगवान राम की आरती के साथ ही भगवा ध्वज चढ़ाया गया। शोभायात्रा में भगवान राम सहित अन्य झांकियां और युवाओं के हाथों में लहराते भगवा ध्वज आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के दौरान मार्ग में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।विश्व हिन्दू परिषद जिला सचिव सुनील जोशी , बजरंग दल के जिला




सह संयोजक विद्या प्रसाद जोशी, जिला संयोजक शोभा लाल जीनगर, विहिप के तहसील अध्यक्ष जगदीश झंवर,महामंत्री रमेश टेलर,विहिप नगर अध्यक्ष अमृत पटवा, बजरंग दल तहसील संयोजक शुभम शर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, बजरंग दल नगर अध्यक्ष कन्हैया लाल माली, नगर महामंत्री राजकुमार सेन,सुनील तिवारी ,पुष्पराज प्रजापत ,दिनेश लक्षकार ,संजय साहू ,श्यामलाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## मंदिर मे हुई दिनदहाड़े चोरी

### बावड़ी के बालाजी मंदिर में रखे दान-पात्र को तोड़कर



गरीबों का सितारा

**आसींद।** कस्बे के बावड़ी के बालाजी मंदिर मैं रखा दान पत्र से बुधवार दोपहर अज्ञात चोरों ने दान पत्र को अंट लगाकर तोड़ कर उसमें लगभग 5000 रुपए की राशि ले उड़े शाम को दर्शनार्थी दर्शन करने पहुंचे तो दान पात्र टूटा हुआ देख पुजारी को सूचना दी पुजारी दुगार्शंकर दाधीच मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मंदिर स्थल का मौका मुआयना किया और अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गइ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### आगाज का नया आगाज : कलाम की दीवानगी नाटक होगा मंचन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आगाज द अमेजिंग रंगमंच ग्रुप प्रस्तुत ड्रामा 'कलाम की दिवानगी' का मंचन शुक्रवार की शाम 7.30 रविंद्र मंच पर किया जाएगा । ड्रामे का लेखन फिरोज मिर्जा निर्देशन डॉ. बुलबुल नायक द्वारा किया जाएगा। कलाकार ड्रामे के माध्यम से कलाम साहब की जीवनी, बचपन की सुनहरी यादें, कलाम साहब की स्कूली शिक्षा, परमाणु परीक्षण, देश को बनाया ताकतवर, देश में एकता का संदेश, कलाम साहब की ईमानदारी आदि उपलब्धियों को ड्रामे के माध्यम से कलाकार दर्शकों को हंसते हंसाते बताएंगे। ड्रामे में मुख्य भूमिका में डॉ. बुलबुल नायक करण सोनी, जावेद अख्तर, मनन आसुदानी, खुशबू आसुदानी, देवांश सैनी आदि कलाकार अभिनय करेंगे । मेकअप असलम पठान द्वारा किया जाएगा।

### श्यामपुरा,सांमेर,भोजा की ढाणी में भाजपा की बूथ यात्रा का कार्यकताओं ने किया स्वागत



गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ (विनोद धायल)।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ सीकर के तत्वाधान में आयोजित बूथ संपर्क यात्रा के अंतर्गत सामेर,श्यामपुरा,भोजा की ढाणी एवं कीकरालिया बूथ-संख्या-106,107,01,02,03,04 बूथ अध्यक्षों का व बूथ समिति,वरिष्ठजनों का सम्मान किया। जिला संयोजक भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ राजेंद्र धीरजपुरा के तत्वाधान के अवसर बूथ अध्यक्ष शिवपाल जाट,गोविंदराम कुमावत,भागीरथ गढ़वाल,नागरमल कुमावत व महावीर मील-पं.स. सदस्य धर्मपाल गुर्जर,उप सरपंच भरत सिंह,सागरमल कुडी,बंशी मील,लादूराम बोराण,रामवतार बोराण,जितेंद्र बोराण,छितरमल जांगिड,सीताराम सामोता,हरदयाल सिंह,दिलीप सिंह,गुलाब सिंह,पप्पू वर्मा,गिरधारी सिंह,तोफान वर्मा, राधेश्याम बोराण,कन्हैया जांगिड,करमपाल वर्मा एवं कालू सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पचार में सजीव झांकी के साथ निकाली गई भगवा रैली



गरीबों का सितारा

**पचार, (विनोद धायल)।** पचार कस्बे में धूमधाम के साथ भगवा शोभायात्रा निकाली गई। इस बार की शोभा यात्रा पिछली बार से कुछ विशेष रही। हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण की सजीव झांकी सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। भगवा शोभा यात्रा दोपहर 3:00 बजे श्री खेड़ापति बालाजी से डीजे के साथ शुरू होकर पचार के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः खेड़ापति बालाजी में पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी के पीछे सैकड़ों की संख्या में युवा व महिलाएं रैली शामिल हुई। शोभा यात्रा के बाद पारंपरिक तरीके से भगवान श्री राम व बालाजी महाराज की पूजा अर्चना की गई।

### मंगलगीतों एवं बधाइयों के साथ धूमधाम से मना श्रीराम का प्राकट्य महोत्सव



**सीकर। (विनोद धायल)।** बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट की ओर से सोमासरिया विश्राम भवन स्थित श्रीराम मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति ही पूरे उल्लास, उमंग व मंगलगीतों तथा बधाइयों के आदानझ्प्रदान के साथ ही आर्द्रा नक्षत्र में भगवान श्रीराम का प्राकट्य महोत्सव पूर्ण विधि-विधान के मनाया गया। इससे पूर्व सम्पूर्ण मंदिर परिसर को गुब्बारों, रोषनियों एवं झालरों इत्यादि से स प्रातः 9 बजे से ही एक तरफ तो गर्भ गृह के बाहर मंदिर एवं विषाल पाण्डाल में कोलकाता एच पान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मंगल-गीत एवं भजन हो रहे थे, तो दूसरी तरफ भ से भगवान श्रीराम का पंचामृत इत्यादि से नडला धुलाकर भव्य श्रृंगार हो रहा था। प्राकट्य महोत्सव में भऊ हुई। भजनों की प्रस्तुतियों में स्वयं पी आर अग्रवाल घनश्याम प्रसाद एवं कुंज बिहारी अग्रवाला न भी पानदार प्रस्तुतियां दी। सभी महिला श्रद्धालुओं का तिलक एवं कंट्री पहनाकर स्वागत अभिनंदन कर रही थी तो पुरुष दालों का वितरण एवं कंटी पहनाकर स्वागत हो रहा था प्राकट्य की पावन बेला आत ही श्रीराम मंदिर के पट खोल दिये गये और जयघोष के नारों एवं बधाइयों, के वितरण के साथ भगवान श्रीराम के उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने दर्षन कर अपने नयनों एवं दिला का तृप्त किया प्राकट्य के समय सोभासरियां परिवार के सभी सदस्य बढ़-चढ़ कर बधाइयां बांट रहे थे। तत्पष्चात गण श्रीराम की महाआरती की गई जिसमें सर्वसमाज के गणमान्य श्रद्धालु एवं भारी संख्या में मातृ-महिला भी शामिल हुई। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पूर्य साभासरिया परिवार की ओर से पीतल पेय, मिनरल वाटर एवं चाय इत्यादि का प्रमाया हुआ था आगन्तुक श्रद्धालुओं ने बताया कि सीकर शहर में ऐसा भव्य एवं धूमधाम भगवान श्रीराम का प्राकट्य महोत्सव का आयोजन देखकर ऐसा लगा जैसे हम लोग साक्षात अयोध्या समारोह के ऐसा लगा जैसे हम लोग साक्षात अयोध्या में भगवान श्री राम का प्रकाश संतोष सुख लेकर निहाल हो गए हैं समारोह के अंत में प्रसाद वितरण के समय वैजनाथ सौभासरिया ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलादराय अग्रवाल व उपाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद अग्रवाल व कुंज बिहारी अग्रवाल ने सभी आगंतुक श्रद्धालुओं को प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया।

# रैणी मे सीएम संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित





### कार्यक्रम में दिव्यांगों को दी गई स्कूटी की आरसी

गरीबों का सितारा





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर भी मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 30 मार्च 2023 को राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन लाभार्थी उत्सव के रूप में रैणी की सरकारी सीनियर स्कूल परिसर मे मनाया गया। उपखण्ड अधिकारी रिया डाबी ने बताया कि खण्ड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से विडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से सीधा संवाद किया मुख्य मंत्री द्वारा आमजन को सरकार द्वारा संचालित चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, पालनहार योजना, चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना, 100 यूनिट बिजली फ्री योजना, पैंशन योजना सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं के बारें में विस्तार से बताया। खण्ड स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्थानीय प्रधान मीरा मांगेलाल मीना व एसडीएम रिया डाबी और रैणी बीडीओ कालूराम मीना व रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रैणी सरपंच मीरा शिवचरण सैदावत के द्वारा की गई। इस दौरान रैणी प्रधान प्रतिनिधी ने राजस्थान सरकार द्वारा संचालित जनहित योजनाओ के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। पूर्व मे जारी मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुरूप ही रैणी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे लाभार्थियो के अलावा भी आसपास के क्षेत्र से महिलाओ व पुरूषो की भारी तादाद मे भीड दिखाई दी। कार्यक्रम समापन के तुरंत बाद ही सभी को खाने के पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान रैणी बीडीओ कालूराम मीना ने स्थानीय लाभार्थियों से सीधा संवाद किया तथा सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियांन्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपखण्ड क्षेत्र के लाभार्थियों सहित खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार मीना, विकास अधिकारी कालूराम मीना, तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर, रैणी एसएचओ ओमप्रकाश मीना मय जाप्ता के मौजूद रहे , प्रोग्रामर अरविन्द मीना , ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी राजेंद्र मीना रैणी पीडब्लूडी एईएन शिवराम मीना सहित सभी पंचायतो के विडिओ तथा सभी ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं अन्य दूसरे जनप्रतिनिधि तथा अनेक गणमान्य नागरिक व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहें।

## गांधी सर्कल तक केंडल मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

गरीबों का सितारा





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल देसाई एवम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के आदेश अनुसार ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में गांधी सर्कल चांग गेट ब्यावर पर धरना प्रदर्शन किया गया एवम् गांधी सर्कल से ब्यावर के विभिन्न मार्गो से होते हुए डॉ बाबा भीमराव अम्बेडकर सर्कल से गांधी सर्कल तक केंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी ने बताया कि हम सब के नेता राहुल गांधी की सांसद सदस्यता षड्यंत्रकारी बीजेपी सरकार ने रद्द कर दी है जिसका पूरे देश में विरोध हो रहा है कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़क पर आंदोलन कर रहा है। इसी क्रम में गांधी सर्कल पर रघुपति राघव राजा राम गीत गया उसके बाद हम फौजी हैं मस्ताने हैं हम राहुल के दीवाने हैं जैसे नारे लगाए इस केंडल मार्च में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव सोहन मेवाड़ा, सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी, राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल सचिव कल्पना भटनागर, प्रदेश सेवादल सचिव गंगा रावत, राधिका शर्मा, सोनिया जैमन, जानवी भरवानी, संतोष सांखला, पूर्व जिला मुख्य संगठक बालूराम सेन, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल पंवार, अरविंद भटनागर, मगन सोलंकी, सोमदेव साहू, जिला प्रवक्ता ऋषि लांबा, महा सचिव पवन तातेड, जिला सेवादल कोषाध्यक्ष अशोक मूंदड़ा, पार्षद घनश्याम फुलवारी, विकास दगदी, मजीत कुरैशी, अजय स्वामी, जीवराज जावा, सेवादल पूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश जोशी, पश्चिमी ब्लॉक अध्यक्ष सोनू कुमार चौहान, कमलेश बोहरा, जितेंद्र गिदवानी, रवि मखीजा, दिलीप जोशी, जगदीश सिंह राठौड़, मनोज खूबचंदानी, मनीष पगारिया, इस्लामुद्दीन नागौरी पुष्पेंद्र सिंह रावत, मोतीलाल फुलवारी, ब्रजराज दुलगाच, अशोक पंडित, गोवर्धन सांखला, जुगल किशोर बाकोलिया, रामस्वरूप डागर, कर्मचारी नेता रामलाल लखन, मोहम्मद शरीफ कुरैशी, सुरेश राज पंडित, भरत कुमार भाटी, संदीप सांखला, सूरजमल, गणपत सिंह भाटी, आचार्य पुरुषोत्तम महावीर साहू, मदन मेघवाल, पारसमल मिस्त्री, गणपत लाल, गोपाल साखला, रामप्रसाद, नीरज साहू आदि कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

#### मसीह समाज संपत्तियों पर भू माफियाओं की नजर

## मसीह समाज की संपत्तियों को भू माफियाओ से बचाने के लिए प्रशासन से की गुहार लगाई

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में अजमेर की हृदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है साथ ही डिक्शन से साहब ने बसाया हुआ







उक्त शहर वैसे भी इन दिनों काफी चर्चा में हैं चहाए नीलकंठ की घटना को लेकर हो या वन विभाग के आला अधिकारी की पार्टी को लेकर लेकिन गुरुवार को एक बार फिर शहर चर्चा की कसौटी पर चर्चित होने लगा इस बार शहर में जो घटनाक्रम अचानक परिलक्षित हुआ उसको सुनकर दांतो तले उंगली दबाने के लिए व्यक्ति जरूर मजबूर हो जाएगा निसंदेह कलमकार की लेखनी का दृष्टांत आज ऐसी घटना की ओर संकेत कर रहा है जिसमें गुरुवार को मसीह समाज के कुछ लोग मसीह समाज की संपत्तियों को भूमाफिया से बचाने के लिए प्रशासन के आला अधिकारियों से अपील करते हुए नजर आ रहे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार मसीह समाज के लोग ने उपखंड अधिकारी को भू माफियाओं से मसीह समाज की संपत्ति को बचाने के लिए ज्ञापन दिया है जिसमे प्रशासन से अपील की है कि मसीह समाज की ट्रस्ट युनाईटेड चर्च ऑफ नोर्दन इण्डिया ट्रस्ट एसोसियेशन - मुम्बई की संपतियो के पंजियन हेतु प्रस्तुत अवैध तथा कूटरचित दस्तावेजो का पंजियन तुरन्त प्रभाव से रोका जाए वास्तविक जांच की जाए कि मसीह समाज की संपत्ति को कूट रचित तरीके से बेचने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही फर्जी पॉवर ऑफ अटोर्नी होल्डर को द. प्र. सहिंता की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया जाए ब्यावर के मसीह समाज के व्यक्तियों का कहना है कि कुछ भू-माफियाओं द्वारा कानपुर से एक फर्जी पॉवर ऑफ अटोर्नी नामक व्यक्ति को बुलवाकर उपपंजियक ब्यावर के समक्ष युनाईटेड चर्च ऑफ नोर्दन इण्डिया ट्रस्ट एसोसियेशन - मुम्बई की संपतियो का अवैध बेचान करने की नियत से अवैध तथा कूटरचित दस्तावेज पंजियन हेतु प्रस्तुत किये जिसकी जानकारी होते ही ब्यावर के मसीह समाज के द्वारा विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ गुरुवार को ब्यावर मसीह समाज के लोगों ने बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया साथ ही प्रशासन से अपील की है कि मसीह समाज की संपत्ति को तथाकथित भू माफियाओं से बचाया जाए फर्जी पॉवर ऑफ अटोर्नी का यदि कोई प्रयोग करता पाया जाए तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

## गंगापुर में पंचतीर्थ मन्द्रिर पर हुई कलश स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा

गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** श्री बजरंग कीर्तन सांकृतिक कला मण्डल द्वारा



चैत्र नवरात्रि पर्व पर पंचतीर्थ मन्दिर पर कलश स्थापित किया गया । मंदिर के अन्दर भगवान राम लक्ष्मण, सीता माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मण्डल प्रवक्ता नंदकिशोर तेली ने बताया कि नो दिवस से चल रहे भव्य रामकथा, नानी बाई के मायरे व भजन संध्या का समापन गुरुवार को हुआ ।बजरंग कीर्तन सांस्कृतिक कला मण्डल के साथ कई गांवों से आई प्रभात फेरियो का नगर में बेंड बाजो के साथ भव्य झुलूस निकाला गया । मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कीया । रामकथा के अंतिम दिवस भगवान राम रावण मार आये इस पर अयोध्या में विजयोत्सव मनाया गया। नगर में हुए दस दिवसीय कार्यक्रम से धर्ममयी भक्तिमय माहौल बन गया । कार्यक्रम पधारे साधु संत, अतिथि गण, राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं का मण्डल द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

## रैणी में रामनवमी पर निकाली गई भव्य ध्वज शोभायात्रा





### कार्यकताओं ने लगाए भारत माता के जयकारे

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर गुरुवार को रामनवमी पर्व कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस पर्व को लेकर रैणी कस्बे से भगवा ध्वज शोभायात्रा निकाली गई जो रैणी कस्बे के बस स्टैंड , मुख्य बाजार होती हुई नसीये के तिराहे तथा मुख्य चौराहो पर से निकली ' शोभायात्रा में भगवान राम की झांकी की महा आरती की गई व प्रसाद के रूप में रामलीला कमेटी के द्वारा सभी को फल वितरण किए गए। रंगमंच के सामने डीजे की धुन पर हाथों में भगवा ध्वज लेकर कार्यकताओं ने श्री राम के और भारत माता के जयकारों से कार्यक्रम स्थल को गुंजाया। इस मौके पर सैकड़ों भगवाधारी व समाजसेवियों ने भाग लिया ।

## पक्षियों के दाना पानी के लिए निः शुल्क पक्षी परिण्डा वितरण

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** प्रकल्प प्रभारी - जुगल किशोर मनिहार ने बताया कि बुधवार अष्टमी के पावन पर्व पर उदयपुर रोड़ स्थित आशापुरा माता मंदिर में शाम की आरती के समय निशुल्क 301 पक्षी परिण्डा वितरण किए गए। भीषण गर्मी में बेजुमान पक्षियों के दाना पानी डालने के लिए पक्षी परिण्डा वितरण किए गए। जिसका धर्म प्रेमी बंधु लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रकल्प प्रभारी - जुगल किशोर मनिहार, अमरचंद मूंदड़ा, राजेंद्र काबरा, दिलीप गेलड़ा, ड्रा एल एन बल्दुआ, कन्हैया लाल शर्मा, भुवनेश जागिड़, ड्रा लालचंद हेडा, श्यामसुंदर गुप्ता, पंकज बंट, रेखा सोमानी, प्रतिभा शर्मा, मंजू गुप्ता, कमलेश बंट आदि सदस्यो में सेवाएं दी ।






## ब्रजभूमि कल्याण परिषद के डॉ पंकज गुप्ता को किया गिरफ्तार

### हिंदू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालो के विरोध का मामला

गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा।** रामपाल संप्रदाय के द्वारा हिंदू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार करने के मामले में डॉ पंकज गुप्ता के द्वारा 15 दिन पूर्व एफ आई आर दर्ज कराई थी, इस मामले पर मुकदमा दर्ज हो चुका है और अनुसंधान और जांच की प्रक्रिया जांच जारी है , आज पुन इन लोगों को जब करणी माता मेले के पास, अखेपुरा मोहल्ले के तिराहे पर जब हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने रोका आर फोन करके ब्रजभूमि कल्याण परिषद के डॉ पंकज गुप्ता को बुलाया डॉक्टर गुप्ता मौके पर पहुंचे और पहुंचने से पूर्वी उन्होंने पुलिस उप अधीक्षक ग्रामीण एवं शहरी दोनों को फोन पर इस बात की सूचना दी इतना दी कि वहां पर गलत प्रचार हो रहा है उन्होंने इस मामले की सीआईडी इंस्पेक्टर मनोज सोनी जी को भी सूचना दी और उनसे ही नंबर प्राप्त कर उन्होंने एसपी ग्रामीण और एसपी सिटी दोनों को फोन पर सूचना दी कोतवाली थाने में भी फोन करके उन्होंने सूचना दी और इसके बाद कोतवाली के कोतवाल राजेश सिंह जी के भी मोबाइल पर फोन करके इस बात की सूचना दी और मौके पर पहुंचे मौके पर कार्यकताओं ने जो किताबें गलत हिंदू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार किया हुआ था, डॉ पंकज गुप्ता और हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने कहा जब इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है और यह गलत किताब बाँट करके हिंदू धर्म के, विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं दुष्प्रचार कर रहे हैं तो इनको प्रशासन के द्वारा इस दुष्प्रचार करने की अनुमति क्यों दी गई और अनुमति होने पर उनको बांटने से रोकने पर जब पुलिस कोतवाली का पहुंचा तो उन्होंने उनके खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए डॉ पंकज गुप्ता को ही शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया ऐसा होने पर हिंदू संगठनों के अनेक कार्यकर्ता दर्जनों की संख्या में कोतवाली पहुंचे और कोतवाल राजेश शर्मा से बात की राजेश शर्मा ने उनको गिरफ्तार कर इस बीच करणी माता मंदिर के मेले मैं उन्हीं किताबों के साथ दुष्प्रचार करने के लिए रामपाल रामपाल संप्रदाय के मुलजिम होने एसडीएम मुलजिमो के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए कोतवाली पुलिस ने ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता को 151 में किया गिरफ्तार किया और फिर जमानत कर छोड़ दिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पर हाथी, घोड़े और ऊंटों के साथ सजाई मनमोहक झांकियां

## भगवा रंग में रंगा दांतारामगढ़, श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा आसमां





### मुस्लिम समुदाय ने पुष्प वर्षा कर की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत

### मुस्लिम समुदाय द्वारा की गई पेयजल व शरबत की व्यवस्था

गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़ । (विनोद धायल)।** श्री राम नवमी के उपलक्ष में दांतारामगढ़ में विशाल शोभायात्रा में भगवा रैली का आयोजन किया गया। एसडीएम कार्यालय के पास से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो कि कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई पहाड़ी पर स्थित भूरी माता मंदिर परिसर में महाआरती के बाद भगवा रैली का समापन किया गया। हाथी, घोड़े और ऊंटों के साथ अनेक मनमोहक जीवंत झांकियां शोभायात्रा के साथ देखने को मिली। सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुषों व युवक-युवतियों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए उत्साह पूर्वक शोभायात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान दांतारामगढ़ में हिंदू - मुस्लिम सौहार्द की अनोखी मिसाल देखने को मिली जहां पर शोभायात्रा व भगवा रैली का मुस्लिम समुदाय ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और मुस्लिम समुदाय ने रैली में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शरबत की व्यवस्था की। इसके साथ ही अनेक समाजसेवकों द्वारा भी पेयजल व शरबत की जगह जगह व्यवस्थाएं की गई। भगवा रैली के दौरान सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर मदन कड़वासरा के नेतृत्व में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया।



# 4 वर्ष का लम्बा इंतजार : आरयू का स्विमिंग पूल 3 अप्रैल से होगा शुरू

## छात्र नेता विनोद भूदोली ने जल्द खोलने की उठाई थी आवाज





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय का तरणताल करीब चार वर्ष बाद पुनः शुरू होगा। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के छात्र नेता विनोद भूदोली ने बताया तरणताल को राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन ने सिर्फ कोरोना का हवाला देकर लापरवाही पुर्वक चार वर्षों तक बंद रखा , छात्र छात्राओं कि तरणताल को चालू करवाने की लम्बे समय से मुख्य मांग रही है अब छात्र छात्राओं को लम्बे समय बाद इसका फायदा मिल पयेगा । गौरतलब है कि 22 मार्च को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकताओं ने विनोद भूदोली के नेतृत्व मे तरणताल को शीघ्र चालू करवाने के लिए कुलपति प्रो राजीव जैन को ज्ञापन सौंपकर उग्र आंदोलन की अंतिम चेतावनी दी थी। छात्र छात्राओं कि मांग के अनुसार प्रभावी कार्यवाही करते हुए टाईल्स ठिक कर जल भराव का कार्य जारी है 3अप्रैल को तरणताल को चालू कर दिया जायेगा, इसके लिए आवेदन लेना हमने शुरू कर दिया है, । - डॉ प्रमोद सिंह, सचिव खेल बोर्ड , राजस्थान विश्वविद्यालय तरणताल के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू हो चुकि, आवेदन फॉर्म तरणताल कार्यालय मे सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक भर सकते हैं । आवेदन फॉर्म के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो व 100 रू शुल्क निर्धारित किए गए है । आर यू के नियमित छात्र छात्राओं, स्थाई कर्मचारीयों व इसके वाड्र्स के माशिक फीस 400 रु निर्धारित की गई हैं तथा बाहरी लोगों के लिए 2500 रु निर्धारित कि गई है।

# राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में आज 30 मार्च को सभी प्राइवेट चिकित्सक दोपहर 11:00 बजे आई एम ए हॉल में एकत्रित हुए

गरीबों का सितारा




**रुपेश शर्मा।** सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि राज्य सरकार यह हेल्थ बिल लाई ही क्यों है। इसकी आवश्यकता ही नहीं थी ।उन्होंने बताया कि बिल से पहले राज्य की 90% जनता सरकारी अस्पतालों व विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित थी ।शेष 10% जनता या तो सवयं का खर्चा वहन करने में सक्षम थी या बीमा से कवर थी।इनके चलते हुए कितनी शिकायतें आ रही थी, यह सब संपर्क पोर्टल से ज्ञात कर सकते हैं। अब कोई यदि कहता है कि हेल्थ बिल लागू होगा तो आम जनता के लिए वरदान साबित होगा ,यह समझ नहीं आता । इस बिल में निगरानी के लिए जिलेवार कमेटी गठित की गई है जो शिकायतों का निस्तारण करेगी। वह सजा भी सुनाएगी। 11 सदस्यों की कमेटी में अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित 2 एलोपैथिक चिकित्सक हैं। चिकित्सकों को डर है कि इसके कारण प्रताड़ना ,ब्लैकमेल, भ्रष्टाचार का जन्म होगा। गुणवत्ता पूर्ण ,निर्भय इलाज का पतन होगा । अभी मोहल्लों, कस्बों में एक चिकित्सक द्वारा संचालित निजी क्लीनिक जनता के लिए वरदान बने हुए हैं। वहां 12 से 16 घंटे काम करते हैं । त्वरित व सुलभ इलाज मिलता है ।अब हेल्थ बिल की बंदूक लेकर रोगी उसके आराम के क्षणों में भी सीरियस बनकर अवतरित होगा। आप सोच सकते हैं कि वह कैसे जीवित रह पाएगा? भामाशाह में के पैसे तो अभी तक आए नहीं है ,हेल्थ बिल के कब मिलेंगे घाटे में कैसे जीवित रहेगा भय व धमकी से घबराकर निर्भय इलाज नहीं हो सकता। जनता का भी नुकसान होगा । अन्य चिकित्सक ने बताया कि सरकार ये भ्रम फैलाना बंद करे कि निजी चिकित्सालयों को रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध कराई गई है ।अलवर जिले में एक भी प्राइवेट अस्पताल ने सस्ती दरों पर जमीन नहीं ली हुई है ।जयपुर में मात्र 5% अस्पताल लाभान्वित है। इसके अलावा बाकी सब बिजली, पानी ,व्यवसायिक दरों पर, ऑक्सीजन, दवा ,स्टाफ ,मशीनें, फायर ,प्रदूषण ,कचरा इत्यादि का खर्चा उठाते ही है । डॉक्टर सिंधी ने बताया कि हम मरते दम तक आंदोलन चलाएंगे। सेवाएं हम ही दे ही रहे थे। आम जनता सरकार से पूछे कि वह बिल लाकर , वोट की लालसा से लोकलुभावन घोषणा करके जनता को उपचार से वंचित कर रही है। सरकार बिल वापस ले, तो हम उसी क्षण से सेवाएं देने को तैयार हैं,और दे ही रहे थे।

# 19 वे अखिल भारतीय सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन मैं शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली

## 17 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

गरीबों के सितारे

**युवराज शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने तथा पारस्परिक भाईचारा कायम करने की दिशा में सामूहिक विवाह निश्चित तोर पर ना केवल परिवार को संबल देता है बल्कि यह एक अच्छी परम्परा भी है। उन्होंने कहा कि फिजूलखर्ची रोकने तथा समाज के लोगों को एकजुट करने के लिए सामूहिक विवाह सराहनीय पहल है। मंत्री जूली आज बुध विवाह स्थित सामुदायिक भवन में राजस्थान प्रांतीय सैन समाज उत्थान समिति के तत्वाधान में जिला सैन समाज के 19वें अखिल भारतीय सैन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। मंत्री जूली ने 17 जोड़ों के पाणिग्रहण संस्कार में शामिल होकर वर-वधू का आशीर्वाद दिया। उन्होंने समाज की मांग पर सैन महाराज के नाम पर चौराहे का नामकरण तथा सैन छात्रावास में बोरिंग लगवाने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर शिवचरण सैन, अशोक सैन, सत्यनारायण, राकेश फौजी, राजेश सैन, कमलेश सैन, कृष्ण सैन, सुनील बिल्खा सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






# श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में नव दिवसीय नवरात्रों की पूणार्हुति

**जयपुर।** श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में नव दिवसीय नवरात्रा की पूणार्हुति आज दोपहर 12:15 बजे भगवान सीताराम जी को औषधीय जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक कर नई पोशाक धारण कराकर हवन की पूणार्हुति कर भगवान श्री सीताराम जी की महाआरती का आयोजन स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में किया गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस से पांच वैदिक विद्वानों के द्वारा नव दिवसीय नवरात्र अनुष्ठान वाल्मीकि सुंदरकांड, दुर्गा सप्तशती के पाठ लगातार मंदिर प्रांगण में चल रहे थे। आज राम नवमी के पावन पर्व पर भगवान श्री राम जी का पंचामृत अभिषेक एवं महारती कर कन्या पूजन किया गया तत्पश्चात कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया प्रातः काल से ही मंदिर प्रांगण में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही सभी भक्तों ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया।






## जयपुर में श्मशान घाट के इतिहास का 'काला दिन'

# हिंदुस्तान में किसी श्मशान घाट में पहली बार "राम नाम सत्य" की जगह "मुन्नी हुई बदनाम" गीत की धुन सुनने को मिली

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** हिंदुस्तान भर के श्मशान घाटों में जयपुर स्थित प्रताप नगर हल्दीघाटी शमशान घाट गत 14 मार्च की रात उस समय काले अध्याय की रात के रूप में दर्ज हुआ जब श्मशान घाट में जलती चिताओं और लोगों की भारी भीड़ के बीच नाटक "श्मशान घाट" का मंचन किया गया ' हिंदू मान्यताओं और हिंदू धर्म के मुताबिक हिंदुस्तान में अब तक किसी भी श्मशान घाट में सिर्फ और सिर्फ "राम - नाम सत्य"का मनन और गुणगान करते ही लोगों को देखा गया है लेकिन यह पहली बार देखने को मिला जब एक तरफ शमशान घाट में चिता जल रही थी तो दूसरी तरफ "मुन्नी बदनाम" हुई गीत की धुन पर कलाकार जबरदस्त डांस कर रहे थे और वहां मौजूद लोग बड़े चाव से इस डांस का लुफ्त उठा रहे थे और जब लोग डांस देखकर ताली बजा रहे थे तो नाटक "श्मशान घाट"के निर्देशक जितेंद्र शर्मा अपने नाटक की सफलता पर फूले नहीं समा रहे थे '



### मानवीय संवेदनाएं और हिंदू धर्म की मान्यताएं हुई तार तार

श्मशान घाट में जलती हुई चिताओं के बीच रात के समय "मुन्नी बदनाम' हुई गीत पर नाटक के कलाकारों की ओर से डांस प्रस्तुत किए जाने से एक तरफ जहां मानवीय संवेदनाएं तार-तार हुई है तो दूसरी तरफ हिंदू धर्म की मान्यताओं को भी नाटक के निर्देशक ने ठेंगा दिखाया है जो किसी भी लिहाज से ठीक नहीं माना जा सकता क्योंकि दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सिर्फ और सिर्फ श्मशान घाट में दाह संस्कार के समय सिर्फ "राम" नाम का ही लोग मनन और गुणगान करते हैं लेकिन यहां पर "मुन्नी बदनाम" गीत पर डांस की प्रस्तुति करण करवाकर नाटक के निर्देशक जितेंद्र शर्मा ने उन लोगों का भी दिल दुखाया है जो अभी-अभी अपने किसी प्रिय का दाह संस्कार करके श्मशान घाट से घर लौटे थे और उसकी चिता शांत ही नहीं हुई थी कि वहां पर एक अमर्यादित गाने पर कलाकारों से डांस का प्रस्तुतीकरण करवा दिया।

**नाटक का मंचन जरूरी था तो नकली श्मशान घाट का सेट भी बनाया जा सकता था**

जानकार लोगों का कहना है कि अगर नाटक के निदेशक जितेंद्र शर्मा लोगों को अच्छे विचार और अच्छे कर्म करने की प्रेरणा से नाटक का मंचन कर रहे थे तो वे अपने इस काम को नकली श्मशान घाट और नकली चिताओं का सेट सजाकर किसी दूसरी जगह पर अपने इस नाटक का मंचन कर सकते थे , ऐसी जगह पर आप अगर भीड़ जुटाने के लिए मुन्नी बदनाम हुई जैसे गीतों पर भी कोई आपत्ति नहीं करता और ना ही हिंदू धर्म की मान्यताओं और मानवीय संवेदनाएं तार-तार होती लेकिन न जाने किस सोच से प्रेरित होकर नाटक के निर्देशक ने श्मशान घाट में ही जलती चिताओं के बीच नाटक का मंचन करवा कर सबको चकित कर दिया।



सितारा न्यूज नेटवर्क सामाजिक बिग स्टोरी गरीबों का सितारा सितारा न्यूज नेटवर्क

**अगर कमजोर दिल वाली महिला को कुछ हो जाता तो फिर क्या होता ?**

हिंदू धर्म की मान्यताओं के मुताबिक श्मशान घाट में महिलाओं का जाना वर्जित है दाह संस्कार के दौरान श्मशान घाट में महिलाएं मौके पर नहीं रहती लेकिन 14 मार्च की रात जब श्मशान घाट नाटक का मंचन हो रहा था उसमें नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची यहां तक की नाटक के कलाकारों में युवतियां भी शामिल थी ' लोगों में यह भी चर्चा है कि अक्सर महिलाओं का दिल काफी कमजोर होता है महिला ही नहीं बल्कि ऐसे बहुत से नौजवान युवक भी होते हैं जो श्मशान घाट में जाने से डरते हैं ऐसे में जलती चिताओं के बीच 14 मार्च की रात नाटक को देखते समय अगर किसी महिला की तबीयत बिगड़ जाती या फिर जलती चिताओं को देखकर बेसुध हो जाती तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होती ? श्मशान घाट में महिलाओं को आमंत्रित करने से भी श्मशान घाट की मयार्दाओं और हिंदू मान्यताओं का उल्लंघन हुआ है।

## कामां में रामनवमी पर भव्य जुलूस निकला

# प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने फूलों की बरसात की

गरीबों का सितारा

**कामां।** गुरुवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर कामां कस्बे में कलश यात्रा मे शामिल हुआ। जिसमे महिलाओं द्वारा 11 हजार कलश धारण करके निकाली शोभा यात्रा,रामनवमी शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा रामनवमी कलश शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर एक भाईचारा, प्रेम भाव,व सांप्रदायिक एकता संदेश दिया गया,कस्बे वासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया जा रहा है कलश यात्रा का स्वागत, इस मौके पर पूर्व विधायक समसूल हसन,अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अली हुसैन, पूर्व मदरसा बोर्ड मेम्बर खालिद गौड, मोर्चा जिला मंत्री नूरानी खान,मोर्चा मिडिया प्रभारी आरिफ खान धीमरी,केथवाडा मंडल अध्यक्ष अफजल सबलाना,राजेश हुसैन, साहिल खान सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# राम की भक्ति में छाया भगवा रंग निकली यात्रा

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** गुरुवार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतरण दिवस श्री राम नवमी पर सर्व हिंदू समाज द्वारा विशाल भगवा वाहन रैली निकाली गई जो स्वेज फार्म रामनगर सोडाला नंदपुरी हवा सड़क होते हुए महिला सर्कल पर सम्पन हुई। इस अवसर पर गजराज सिंह, संजय सैनी , निखिल अजमेरा,सौरभ कटारिया, अमित खिंची, हिमाशु सैनी, किशन जायसवाल, अभिषेक, आलोक,आयुष, गुड्डू, गज्जू,अजय, अमन, शुभम, गोकुल, कार्तिक, आदि युवा साथी उपस्थित रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



# रामनवमी पर रिलीज हुआ 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर

**मुंबई।** प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान, सनी सिंह स्टारर फिल्म 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। इसमें प्रभास हाथ में धनुष लिए काफी शानदार लग रहे हैं। भगवान राम के रोल में प्रभास, सीता मां के किरदार में कृति सेनन और सनी सिंह लक्ष्मण के रोल में दिख रहे। बजरंग बली के रूप में देवदत्त नाग भगवान राम के समक्ष हाथ जोड़े बैठे हैं। इसके कैप्शन में प्रभास ने लिखा, मंत्रों से बढ़के तेरा नाम जय श्रीराम। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और राजेश नायर द्वारा बैंकरोल किया गया है। 16 जून को फिल्म 'आदिपुरुष' सिनेमाघरों में तमिल, तेलेगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# प्रियंका

## बॉलीवुड इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स से थक गई थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा एक ग्लोबल आइकन बन चुकी हैं। प्रियंका की फैन फॉलोइंग देश-विदेश में है। इस बीच एक्ट्रेस ने एक बड़ा खुलासा किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। एक नए पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि आखिर उन्होंने हॉलीवुड की ओर रूख क्यों किया।

चोपड़ा ने बताया कि बॉलीवुड में उन्हें कोई कास्ट नहीं कर रहा था। साथ ही हिंदी फिल्म उद्योग में राजनीति से थक गई थी। प्रियंका ने कहा कि मुझे इंडस्ट्री (बॉलीवुड) में एक कोने में धकेला जा रहा था. लोग मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, लोगों के साथ मेरी अनबन हो रही थी। मैं ऐसे गेम खेलने नहीं जानती और मैं राजनीति से थक गई थी। मैंने कहा कि मुझे एक ब्रेक की जरूरत है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि इस पेज में अंजुला आचार्य, जो अभी उनकी मैनेजर है, ने उन्हें एक वीडियो में देखा और उनसे संपर्क किया। उन्होंने उनसे पूछा कि क्या वो अमेरिका में एक म्यूजिक करियर में रूचि है। देसी गर्ल ने बताया कि ये ऑफर उन्हें उस समय मिला, जब वो बॉलीवुड के बाहर ऑप्शन खोज रही थी। प्रियंका ने कहा कि, म्यूजिक ने उन्हें दुनिया के दूसरे हिस्से में जाने का मौका दिया। कंगना रनौत ने प्रियंका चोपड़ा का सपोर्ट करते हुए ट्वीट किया। बॉलीवुड के बारे में प्रियंका चोपड़ा का यही कहना है, लोगों ने उनके खिलाफ गैंगअप किया उन्हें धमकाया और फिल्म इंडस्ट्री से बाहर कर दिया। एक सेल्फ-मेड वुमेन को भारत छोड़ना पड़ा। सभी जानते है कि करण जौहर ने उन्हें पर बैन लगा दिया था।

हॉलीवुड मसाला



# भारतीय रंग में रंगी मैसी

**लंदन।** 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में आर्या स्टार्क का किरदार निभाकर तारीफें बटोरने वाली अभिनेत्री मैसी विलियम्स इस समय भारत में हैं। वह मुंबई के एक होटल में ठहरी हैं, जहां से उन्होंने अपना वीडियो शेयर किया है। वह कमरे में भगवान कृष्ण की फोटो, सजावट और उन्हें मिले छोटे-छोटे गिफ्ट्स को देख काफी प्रभावित और बेहद खुश हुईं। इसके अलावा उन्होंने और भी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसके जरिए ये देखा जा सकता है कि भारत में वो कैसा महसूस कर रही हैं और क्या कर रही हैं।




# जेसन के साथ इंटरनेशनल प्रोजेक्ट पर काम करेंगी उर्वशी

**मुंबई।** इंटरनेशनल स्टार और अमेरिकी सिंगर जेसन डेरुलो इन दिनों भारत में हैं। उन्होंने 'टॉक डर्टी टू मी', 'विगल विगल', 'स्वल्ला' और 'ट्रम्पेट' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं। वह एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में मुंबई में हैं। जेसन हाल में बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के साथ स्पॉट हुए। दोनों को बांद्रा में स्पॉट किया गया। दोनों फोटो के लिए पोज भी दिए। दोनों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि उर्वशी और जेसन एक इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो में साथ काम करेंगे। ये म्यूजिक वीडियो बहुत जल्द ही रिलीज होगा। उर्वशी और जेसन इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो 'जानू' में साथ काम करेंगे। जेसन डेरुलो ने कहा कि 'जानू' में उर्वशी रौतेला के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि उर्वशी भारत की सुंदरता का प्रतीक हैं और दुनिया की दूसरी सबसे खूबसूरत महिला हैं।



# 'बजरंगी भाईजान-2' में हुई पूजा की एंट्री

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई थी। कुछ समय पहले बजरंगी भाईजान के सीक्वल की घोषणा हुई थी। अब इस पर लेटेस्ट अपडेट आया है, जिसे जानकर फैंस थोड़े खुश नहीं होंगे। फिल्म का नाम 'पवन पुत्र भाईजान' होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो इसमें करीना कपूर की जगह साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े को कास्ट किया गया है। दरअसल, सलमान खान की पवन पुत्र भाईजान और इसकी कहानी लेखक विजयेंद्र प्रसाद लिख रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने 'पवन पुत्र भाईजान' में करीना कपूर की जगह पूजा हेगड़े को लिया है। हालांकि, यह क्लियर नहीं हुआ है कि करीना ये किरदार प्ले करेंगी या पूजा उनकी जगह लेंगी। बता दें कि भाईजान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में उनकी जोड़ी पूजा साथ ही है।




# 'मैदान' में फुटबॉल कोच के रूप आए नजर

**मुंबई।** अजय देवगन की मचअवेटेड फिल्म 'मैदान' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म में अजय देवगन एक फुटबॉल कोच के रूप में नजर आ रहे हैं। ये फिल्म आजादी के बाद फुटबॉल के गोल्डन फेज के बारे में बात करती है जब भारतीय टीम ने लगातार दो बार ओलंपिक्स में जगह बनाई थी। अजय ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मैदान में उतरेंगे ग्यारह लेकिन दिखेंगे एक।' यहां बता दें कि फिल्म का निर्देशन अमित रवींद्रनाथ शर्मा ने किया है। फिल्म 'मैदान' भारतीय फुटबॉल के सुनहरे सालों पर आधारित है. इस फिल्म में अजय का किरदार महान कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिन्हें भारतीय फुटबॉल के पिता के तौर पर जाना जाता है। रहीम 1950 से 1963 तक (निधन होने तक) भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मैनेजर थे।

टीवी मसाला



# शेखर सुमन के फ्लॉप बेटे की किस्मत चमकाएंगे रोहित..!

**मुंबई** बॉलीवुड डायरेक्टर रोहित शेट्टी का टीवी रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का नया सीजन जल्द ही लॉन्च होने को तैयार है। शो की टीम फिलहाल शो कंटेस्टेंट के लिए टीवी और बॉलीवुड सितारों को अप्रोच करना शुरु कर दिया है। खबर है कि असीम रियाज़, शिव ठाकरे, नक्कुल मेहता, अंकिता गुप्ता, अर्चना गौतम, मुनव्वर फारूकी और सनाया ईरानी ने इस शो के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। अब बारी है शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन। खबरों की मानें तो रोहित शेट्टी की टीम ने अध्ययन सुमन को इस शो में आने के लिए अप्रोच किया है। टीवी की रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो के लिए फेमस एक्टर अध्ययन सुमन को भी संपर्क किया गया है। रिपोर्ट में शो के करीबी सूत्रों का हवाला देकर बताया कि निर्माता अध्ययन के साथ बातचीत कर रहे हैं और अगर सब कुछ ठीक रहा तो अध्ययन खतरों के खिलाड़ी के आगामी सीजन में दिखाई देंगे।

### बिग बॉस को किया रिजेक्ट

आपको बता दें कि इस शो से पहले अध्ययन को पहले बिग बॉस के लिए संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया था। वह कंट्रोवर्सी रियलिटी सीरीज में शामिल नहीं होना चाहते थे। हालांकि, वह खतरों के खिलाड़ी करने के इच्छुक हैं क्योंकि इस रियलिटी शो की नेचर अलग है।

## विवियन से तलाक के बाद वाहबिज दोराबजी की बुरी थी हालत


**मुंबई।** टीवी एक्टर विवियन डीसेना और एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी ने अपनी आठ साल की शादी को कानूनी तौर पर पहले ही खत्म कर दिया।



मीडिया के सूत्रों के अनुसार, विवियन से अलग होने के बाद वाहबिज के अंदर डायबिटीज की समस्या घर कर गई थी। वाहबिज अपनी हेल्थ को लेकर परेशान रहती थीं। अब मेडिकल कंडीशन को बहुत हद तक ठीक कर लिया गया है। वाहबिज इस दौरान अपनी लाइफ को हैपिली एंजॉय कर रही हैं। कपल ने 2013 में शादी की थी लेकिन 2016 के बाद से वे एक ही छत के नीचे नहीं रहे। एक साल बाद विवियन-वाहबिज ने तलाक के लिए अर्जी दी। विवियन और वाहबिज ने कहा कि अलगाव आपसी सहमति से हुआ है।

# ऐश्वर्या की 'पोन्नियिन सेल्वन-2' का ट्रेलर लांच

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की आने वाली फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दक्षिण भारतीय फिल्मकार मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फैंस ऐश्वर्या और विक्रम की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के साथ-साथ उनकी परफॉर्मेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। 'पोन्नियिन सेल्वन पार्ट 2', 28 अप्रैल 2023 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगू के अलावा हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म प्रसिद्ध लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के इसी नाम के मशहूर उपन्यास पर आधारित है,



इसमें चियान विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, कार्थी, जयम रवि और त्रिशा कृष्णन जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'पोन्नियिन सेल्वन 1' वर्ष 2022 रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 450 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था। पोन्नियिन सेल्वन 2 के ट्रेलर की शुरुआत सिंहासन के नए उत्तराधिकारी की घोषणा के साथ होती है।

# अप्रैल में सिनेमाघरों और ओटीटी पर धूम मचाएंगी कई बड़ी फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** अप्रैल का महीना मूवीज के शौकीनों के लिए काफी एक्साइटमेंट से भरा होने वाला है। दरअसल अप्रैल में कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में और ओटटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। मार्च का महीना खत्म होने वाला है। ऐसे में फिल्मों और वेब सीरीज के शौकीनों की भी ये जानने के लिए उत्सुकता बढ़ गई है कि अप्रैल में कौन सी फिल्में थिएटर में और कौन सी ओटोटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है। बता दें कि 2023 में सिनेमाघरों में कई बड़ी फिल्में रिलीज होंगी वहीं ओटोटी पर भी कई शोज और सीरीज दस्तक देंगे।




**गौतम कार्तिक की अगस्त 16, 1947:** अगस्त 16, 1947 में गौतम कार्तिक ने लीड रोल प्ले किया है। इसे एनएस पोनकुमार ने बनाया है। ये फिल्म 7 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**आदित्य राय की डबल रोल वाली गुमराह :** आदित्य रॉय कपूर के डबल रोल वाली फिल्म गुमराह भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म 7 अप्रैल को थिएटर में दस्तक देगी। वर्धान केतकर के डायरेक्शन में बनी गुमराह में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय ने भी अहम रोल प्ले किया है।

**सलमान की किसी का भाई किसी की जान :** सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फरहाद शामजी के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 21 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में जगपति बाबू, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम और वेंकटेश दग्गुबाती भी अहम रोल में नजर आएंगे। 'किसी का भाई किसी की जान' में शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। फिल्म में राम चरण का भी कैमियो रोल देखने को मिलेगा।

## ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्में

प्रियंका चोपड़ा की लीड रोल वाली वेब सीरीज 'सिटाडेल' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि 28 अप्रैल को इसके पहले दो एपिसोड का प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगा। इस सीरीज में प्रियंका चोपड़ा एक जासूस की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनके साथ रिचर्ड मैडेन, लेस्ली मैनविल और स्टेनली टुकी भी हैं।

**द मार्वलस मिसेज मेजल 5 :** रेचल ब्रासनन, माइकल जीगन की एक्टिंग से सजी सीरीज 1950 के दशक की कहानी कहती है। द मार्वलस मिसेज मेजल का पांचवा सीजन है। ये इस सीरीज का आखिरी सीजन भी होगा। ये शो 14 अप्रैल को अमेजॉन प्राइम वीडयो पर आएगा।

**टूथ परीः वेन लव बाइट्स :** तान्या मानिकताला, शांतनु माहेश्वरी स्टारर शो टूथ परीः वेन लव बाइट्स को प्रीतम डी गुप्ता ने बनाया है। सीरीज काफी सस्पेंस से भरी है। ये 20 अप्रैल 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## बीपी रहेगा कंट्रोल, हार्ट और डाइबिटीज में भी है बड़ा रोल

# स्वाद ही नहीं सेहत का भी ख्याल रखता है तिल का तेल

*आजकल लाइफस्टाइल की वजह से कम उम्र में ही हार्ट डिजीज, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं देखने को मिल रही है। ऐसे में तिल का तेल वरदान साबित हो सकता है। रोजाना इसके सेवन से गजब का फायदा मिलता है। तिल का तेल खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता आपको सेहतमंद भी रखता है। दिल की सेहत से लेकर डायबिटीज को कंट्रोल करने में तिल का तेल काफी फायदेमंद होता है। तिल का तेल दिल की सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है।*

अगर आप हर दिन तिल के तेल को कुकिंग ऑयल की तरह इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पोषक तत्व हार्ट को मजबूत बनाने के साथ ही इन्फ्लेमेशन से भी आपको बचाते हैं। यह सूरज की किरणों से स्किन को भी डैमेज नहीं होने देता है। वेबएमडी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तिल के तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिंस पाए जाते हैं, जिससे हेल्थ को कई सारे फायदे होते हैं।

### दिल को रखे दुरुस्त

इस तेल में ओमेगा-3, ओमेगा-6 और ओमेगा-9 फैटी एसिड का बैलेंस्ड रेशो पाया जाता है। ओमेगा-3 और ओमेगा-6 पॉलीअनसैचुरेटेड होते हैं। वहीं, ओमेगा-9 फैटी एसिड मोनोअनसेचुरेटेड होता है। कुछ स्टडी के मुताबिक, तिल का तेल एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राईग्लाइसेराइड्स को कम करने में भी मदद करता है। स्टडी के मुताबिक, इन हेल्दी फैट्स को अगर आप डाइट में रखते हैं तो दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।



### स्ट्रेस-डिप्रेशन छूमंतर

आजकल की लाइफस्टाइल की वजह से डिप्रेशन की समस्या आम होती जा रही है। युवाओं में मेंटल हेल्थ की समस्या देखी जा रही है। ऐसे में तिल का तेल काफी असरदार हो सकता है। इसके इस्तेमाल से तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इससे स्ट्रेस और डिप्रेशन से बाहर निकले में मदद मिल सकती है।

### स्किन डैमेज

धूप से कई लोगों की स्किन डैमेज होने लगती है। ऐसे में तिल का तेल फायदेमंद होता है। कुछ रिसर्च में पाया गया है कि तिल के तेल में पाया जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को यूवी डैमेज से बचाने में मददगार होता है। इस तेल में 30 प्रतिशत तक यूवी किरणें रोकने की क्षमता है जबकि बाकी तेल सिर्फ 20 प्रतिशत तक ही ऐसा कर सकते हैं।

### इन्फ्लेमेशन से बचाता है

तिल के तेल का इस्तेमाल एंटी-इन्फ्लेमेटरी मेडिसिन के तौर पर होता रहा है। जोड़ों का दर्द, दांतों के दर्द, कट या प्रीमैन्स्ट्रुअल क्रैम्प्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है। भारतीय घरों में लंबे समय से इसका इस्तेमाल होता है।

### डायबिटीज कंट्रोल करने में मददगार

डायबिटीज के मरीजों के लिए तिल का तेल रामबाण होता है। यह ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट करने में मदद कर सकता है। एक स्टडी में पाया गया है कि अगर वयस्क तिल के तेल का सेवन करते हैं तो उनमें फास्टिंग ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन एवनसी में कमी होता है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com